SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA
लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

कोषागारों एवं उपकोषागारों की कार्यप्रणाली पर वार्षिक समीक्षा वर्ष 2025-26

उत्तर प्रदेश सरकार

कोषागारों एवं उपकोषागारों की कार्यप्रणाली पर वार्षिक समीक्षा

वर्ष 2025-2026

कार्यालय महालेखाकार (ले0 एवं ह0),

उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

प्राक्कथन

यह वार्षिक समीक्षा आख्या भारत के नियन्त्रक-महालेखापरीक्षक (कर्तव्य, अधिकार और सेवा शर्तें) अधिनियम 1971 की धारा 10, 18(1) के अन्तर्गत मार्च 2026 को समाप्त हुये वर्ष हेतु उत्तर प्रदेश प्रमुख सचिव (वित्त), निदेशक कोषागार उत्तर प्रदेश लखनऊ को प्रेषित किये जाने हेतु तैयार किया गया है। इस प्रतिवेदन में वर्ष 2025-26 की अवधि के लेखांकन एवं निरीक्षण के दौरान नमूना जॉच में आये प्रकरणों को सम्मिलित किया गया हैं। वार्षिक समीक्षा भारत के नियन्त्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा निर्गत दिशा निर्देश के अनुरूप तैयार की गयी है।

हम यह अपेक्षा करते हैं कि प्रस्तुत समीक्षा मुख्य / वरिष्ठ कोषाधिकारियों के लिए कोषागारों को और अधिक कार्यदक्ष रखने के साथ-साथ भविष्य में अनियमितताओं की पुनरावृत्ति रोकने में प्रेरणादायी सिद्ध होगी।

(डॉ० सुरेन्द्र कुमार)
महालेखाकार
कार्यालय महालेखाकार (ले0 एवं ह0),
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

प्रयागराज
दिनाँक –23/10/2026

विषय सूची

1	**परिचयात्मक**	**5**
1.1	संगठनात्मक ढांचा-	**5**
1.2	उत्तर प्रदेश शासन के कोषागारों / उपकोषागारों का सांगठनिक ढाँचा-	**5**
1.2.1	कोषागारों मे कर्मचारी वर्ग की स्थिति-	**5**
1.3	उत्तर प्रदेश में कोषागारों का कम्प्यूटरीकरण-	**6**
1.3.1	कम्प्यूटरीकरण का उद्देश्य-	**6**
1.3.2	उत्तर प्रदेश सरकार में आई0एफ0एम0एस0 माड्यूल की स्थिति-	**6**
1.4	कोषागारों / उप कोषागारों के निरीक्षण का उद्देश्य-	**8**
2	इस कार्यालय मे प्रदेश के कोषागारों से प्राप्त लेखाओं के संकलन एवं सत्यापन के दौरान संज्ञान में आई कमियाँ एवं अनियमितताऐं	**9**
2.1	प्रदेश कोषागारों मे 1.22 करोड़ धनराशि के 200 असमायोजित ए.सी. बिल-	**9**
2.2	धनराशि 9326.03 करोड़ के 13,865 सहायता अनुदान बिल के सापेक्ष बकाया उपभोग प्रमाणपत्र -	**9**
2.3	सामान्य भविष्य निधि (राज्य) के लेखे-	**10**
2.3.1	484 प्रकरणों मे सामान्य भविष्य निधि लेखे में प्रारम्भिक अवशेष ऋणात्मक होने के बाद भी अग्रिम स्वीकृत किया जाना तथा प्रारम्भिक अवशेष से अधिक धनराशि का आहरण किया जाना -	**10**
2.3.2	मासिक शिड्यूलों में सामान्य भविष्य निधि अभिदाता का नाम एवं लेखा संख्या त्रुटिपूर्ण होने के कारण 15.79 करोड़ धनराशि के 37308 आइटम अनपोस्टेड होना-	**10**
2.3.3	चतुर्थ श्रेणी से भिन्न सामान्य भविष्य निधि लेखे में नई पेन्शन योजना से आच्छादित कर्मचारियों एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की कटौतियों का योग में सम्मिलित होना-	**11**
2.4	आर0बी0डी0 की धनराशियों में अन्तर-	**11**
2.4.1	कोषागार द्वारा प्रेषित भुगतान / प्राप्ति की सूची और वी0डी0एम0एस0 से प्राप्त आर0बी0डी0 की धनराशियों में अन्तर-	**11**
2.4.2	कोषागार द्वारा प्रेषित आर0बी0डी0 और आर0बी0आई0 द्वारा प्रेषित मन्थली क्लोजिंग स्टेटमेन्ट (एम0सी0एस0) में अन्तर-	**11**
2.4.3	कोषागारों द्वारा वी0डी0एम0एस0 विलम्ब से प्रेषित / प्रेषित नहीं किया जाना-	**12**
2.5	व्यक्तिगत जमा / वैयक्तिक लेखा खाता-	**12**
2.5.1	कोषागारों से प्लस-माइनस मेमोरेन्डा प्राप्त न होना-	**12**
2.5.2	वैयक्तिक लेखों के वर्ष के मार्च माह के इतिशेष एवं अगले वित्तीय वर्ष के अप्रैल माह के आरंभिक अवशेष मे अंतर होना-	**12**
2.5.3	कोषागारों द्वारा वैयक्तिक लेखों का मिलान महालेखाकार को प्रेषित न किया जाना-	**12**
2.5.4	₹43.89 करोड़ की धनराशि के 154 असंचालित व्यक्तिगत लेखा खातों को बन्द न किया जाना-	**12**
2.6	लोक निर्माण प्रेषण शीर्ष के अंतर्गत लंबित धनराशियों का समाधान न किया जाना-	**13**
2.7	मासिक लेखाओं की विलम्ब से प्राप्ति-	**13**
2.8	कर्जो एवं उधारों का लेखाकरण-	**14**
2.8.1	ऋण के चालान प्रपत्र पर पूर्ण विवरण जैसे-एस0एल0आर0 सं0 एवं शासनादेश सं0 आदि को अंकित न किया जाना-	**14**
2.9	स्तरीकृत नमुनाकरण द्वारा चयन किये गये वाउचरो के परीक्षण में पायी गई कमियाँ-	**14**
3	कोषागारों/उपकोषागारों के निरीक्षण के दौरान संज्ञान में आयी त्रुटियाँ/कमियाँ	**16**
3.1	वर्ष के दौरान निरीक्षित कोषागारों / उपकोषागारों का विवरण-	**16**
3.2	निरीक्षित प्रतिवेदनों के अनिस्तारित प्रतिवेदन एवं प्रस्तर-	**16**
3.3	गबन के प्रकरण	**16**
3.3.1	कोषागार चित्रकूट में पेंशन बकाया के अनियमित भुगतान से ₹44.39 करोड़ का गबन	**16**
3.3.2	कोषागार मथुरा मे 6 पेंशनरों के सापेक्ष एक ही बैंक खाते में पेंशन भुगतान से ₹1.62 करोड़ का गबन	**17**
3.3.3	वेतन बकाये के अनियमित आहरण से ₹10,96,500 का गबन एवं अन्य वित्तीय अनियमितताएं	**18**
3.4	नवीन पेंशन योजना की धनराशि के प्रेषण में विसंगतियाँ-	**19**
3.4.1	PRAN आवंटन के पश्चात भी NPS अंशदान की कटौती न किया जाना-	**19**
3.4.2	डी0सी0आई0 की धनराशि का अन्तरण न किया जाना-	**19**
3.4.3	17447 कर्मचारियों का PRAN आवंटन न किया जाना-	**20**
3.5	व्यपगत जमा का विवरण प्रेषित न किया जाना-	**20**
3.6	उचित जांच के अभाव में पेंशन लाभ का अनियमित भुगतान-	**20**
3.6.1	237 पेंशनरों से आयकर की स्रोत से नियमित कटौती न किया जाना-	**20**
3.6.2	929 पेंशनर / पारिवारिक पेंशनरों की मृत्यु के बाद प्रेषित ₹ 4.91 करोड़ पेंशन राशि का ब्याज सहित बैंको से प्राप्त कर शासकीय लेखे में जमा न किया जाना-	**20**
3.6.3	पेंशनर की मृत्यु के 7 वर्ष अथवा 10 वर्ष से अधिक समय तक बढ़ी हुयी दर पर पारिवारिक पेंशन का भुगतान किए जाने के कारण धनराशि 2.03 करोड़ रुपये की शासकीय धन की क्षति होना।	**20**
3.6.4	7वें वेतन आयोग अनुसार पुनरीक्षित पेंशन पर 6वें/5वें वेतन आयोग की दर से महँगाई राहत का भुगतान किये जाने से ₹21,70,174/- का अधिक भुगतान किया जाना।	**21**
3.6.5	मूल पेंशनर की मृत्यु के पश्चात पारिवारिक पेंशन के स्थान पर सेवानिवृत्तिक पेंशन का भुगतान किए जाने के फलस्वरूप रुपये ₹ 46.47 लाख का अधिक भुगतान किया जाना।	**21**
3.6.6	त्रुटिपूर्ण पीपीओ जारी किए जाने के कारण रु० 1025459/- का अधिक भुगतान किया जाना।	**21**
3.6.7	स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित को सही दर से पेंशन का भुगतान न करते हुए रुपये 1,14,047/- का अधिक भुगतान किया जाना।	**22**

3.6.8	पुत्र को पारिवारिक पेंशन हेतु निर्धारित आयु 25 वर्ष से अधिक समय तक पेंशन भुगतान किए जाने के कारण धनराशि 1234805 का अधिक भुगतान किया जाना।	22
3.7	पेंशन सम्बन्धी अन्य अनियमितताएँ-	22
3.7.1	नियत समय में 153 पेंशनरों का प्रथम पेंशन का भुगतान प्रारम्भ न किया जाना-	22
3.7.2	80 वर्ष से अधिक आयु के 2425 पेंशनरों को अतिरिक्त पेंशन का भुगतान न किया जाना-	23
3.7.3	पेंशन प्रकरणों में जीवित, रोजगार, विवाह सम्बन्धित प्रमाण पत्र संलग्न नही होना-	23
3.7.4	329 पेंशनरों को मँहगाई राहत का भुगतान नही किया जाना-	23
3.7.5	127 पेंशनरों को निर्धारित न्यूनतम पेंशन से कम पेंशन का दिया जाना-	23
3.7.6	सातवें वेतन आयोग के अनुसार 126 पेंशनरों के पेंशन का पुनरीक्षण नही किया जाना-	23
3.7.7	अन्य राज्य जैसे अरूणांचल प्रदेश/हिमांचल प्रदेश/पंजाब/हरियाणा/नागालैण्ड/ आदि के पेंशनरों को चिकित्सा भत्ता का भुगतान न किया जाना ।	24
3.7.8	पेंशन पत्रवालियों मे मूल पेंशन भुगतान आदेश संलग्न न होना, embossing seal (उभरी हुई मुहर) न लगाया जाना, पेंशन अभिलेख Form-51 का उचित रख रखाव न किया जाना।	24
3.8	अनाहरित पेंशन/बन्द पेंशन भुगतान आदेशों को अनाधिकृत रूप से रखा जाना-	24
3.8.1	तीन वर्षो से पेंशन का आहरण नही किया जाना-	24
3.8.2	लंबी अवधि से पेंशन का आहरण न करने वाले/ जीवन प्रमाण पत्र न जमा करने वाले पेंशनरों की जांच न कराया जाना।	25
3.9	स्टाम्प लेखे का रख-रखाव-	25
3.9.1	स्टाम्पों का मानक से अधिक भण्डारण-	25
3.9.2	निष्प्रयोज्य स्टाम्पों के विनिष्टीकरण की कार्यवाही नही किया जाना-	25
3.9.3	स्टाम्प इतिशेष का अर्द्धवार्षिक सत्यापन का प्रमाण पत्र धन-ऋण ज्ञाप के साथ नही संलग्न किया जाना-	25
3.10	स्ट्रॉग रूम का निरीक्षण तथा सुरक्षा प्रमाण पत्र का निर्गमन-	26
3.10.1	द्वितालक कक्ष का सुरक्षा प्रमाण पत्र नही प्राप्त करना-	26
3.10.2	मानक के अनुसार सुरक्षा बलों की तैनाती नही किया जाना-	26
3.10.3	खराब एवं निष्प्रयोज्य पैडलाकों का निस्तारण नही किया जाना-	26
3.11	कोषागारों में जमा किये गये बहुमूल्य वस्तुओं का वार्षिक सत्यापन-	26
3.12	सामान्य भविष्य निधि से सम्बन्धित कमियॉ/त्रुटियॉ-	27
3.12.1	तृतीय श्रेणी लेखाषीर्शक से सम्बन्धित कार्मिकों के सा0भ0नि0 कटौतियों को चतुर्थ श्रेणी लेखाषीर्शक में दर्ज किया जाना-	27
3.13	लेखा सम्बन्धी क्षेत्र-	27
3.13.1	आहरण वितरण अधिकारियों द्वारा विभागीय प्राप्ति के आंकड़ों का मिलान कोषागार के आंकड़ों से नही किया जाना-	27
3.13.2	कोषागार नियम-27 के अन्तर्गत आहरित धनराशि ₹ 2.1 करोड़ का वित्तीय वर्ष के अंत तक असमायोजित रहना-	27
3.13.3	राजस्व/पूंजीगत प्राप्ति चालानों पर लेखाशीर्ष का पूर्ण विवरण अंकित नही किया जाना-	28
3.13.4	वैयक्तिक जमा लेखाओं के प्रशासकों से अवशेष के स्वीकार्य प्रमाण पत्र नही प्राप्त करना-	28
3.13.5	तीन वर्ष से अंसचालित पी0एल0ए0 खाते को बन्द नही किया जाना-	28
3.13.6	विभिन्न चुनाव से संबंधित धनराशि को एक ही लेखा शीर्ष में जमा किया जाना-	28
3.13.7	निर्धारित लेखा शीर्ष वर्गीकरण का प्रयोग वापसी (Refund) के बाउचरों के पारण के दौरान नही किया जाना-	29
3.13.8	चुनाव जमानत जमा की धनराशि 23.29 करोड़ को जब्त करके प्राप्ति लेखाशीर्ष में जमा नही किया जाना-	29
3.13.9	निर्धारित सीमा से अधिक धनराशि को लघु कार्य के मानक मद (OH-25) से भुगतान किया जाना ।	29
3.13.10	मासिक खातों को बंद करने के बाद कोषागारों द्वारा लेखा संशोधन किया जाना एवं सूचना महालेखाकार कार्यालय को प्रेषित न किया जाना:	29
4	सूचना प्रौद्योगिक सम्बन्धी अनियमितताएंः-	30
4.1	सूचना प्रौद्योगिकी निरीक्षण के उद्देश्य	30
4.2	सामान्य नियंत्रण-	30
4.3	सूचना प्रोद्योगिकी नियंत्रण एवं सूचना प्रोद्योगिकी सुरक्षा से संबंधित कोषागारों के निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमिततायें कमियां	30

विहंगावलोकन

कोषागार शासकीय राजस्व की प्राप्ति और शासन की ओर से किए जाने वाले भुगतान का लेखा रखते हैं, और इस कार्यालय द्वारा तैयार किए जाने वाले वित्त लेखे तथा विनियोग लेखे की शुद्धता इन्हीं के अभिलेखों पर निर्भर करती है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रदेश के 82 कोषागारों (साइबर कोषागार को छोड़कर) तथा 165 उपकोषागारों का निरीक्षण अप्रैल 2025 से मार्च 2026 के बीच पूर्ण कराया गया। यह समीक्षा कोषागार निरीक्षण के साथ-साथ कोषागारों से प्राप्त लेखाओं के संकलन एवं सत्यापन के दौरान में सामने आई विसंगतियों पर प्रकाश डालती है।

निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनुपालन की स्थिति संतोषजनक नही रही है। पाँच वर्ष से अधिक पुराने से लेकर वर्ष 2025-26 तक के 451 प्रतिवेदनों में 3,758 प्रस्तर अनिस्तारित हैं (भाग-2 (अ) के 863 और भाग-2 (ब) के 2,895) जिनके निस्तारण हेतु कोषागारों द्वारा कोई भी उचित कार्यवाही नहीं की जा रही है।

लेखाओं के संकलन के दौरान कमियाँ -

विभिन्न वर्षों मे आहारित 200 ए0सी0 बिलों के सापेक्ष ₹1.22 करोड़ के डी0सी0 बिल तथा 13,865 सहायता अनुदान बिलों के सापेक्ष ₹9326.03 करोड़ के उपभोग प्रमाणपत्र अब भी लंबित हैं। सामान्य भविष्य निधि में 484 प्रकरणों मे ऋणात्मक प्रारम्भिक अवशेष/अथवा आहारित राशि से कम प्रारम्भिक अवशेष होने के बावजूद अग्रिम स्वीकृत किया गया, और नाम या खाता संख्या गलत होने से ₹15.79 करोड़ के 37,308 आइटम अनपोस्टेड रह गए। 34 कोषागारों ने वैयक्तिक लेखों का मिलान नहीं भेजा; कुल 371 वैयक्तिक लेखा खातों में से 154 असंचालित हैं जिनमें ₹43.89 करोड़ का अवशेष पड़ा है। मासिक लेखे निर्धारित तिथि से 12 दिन तक विलम्ब से प्राप्त हुए।

वर्ष 2025-26 के कोषागार निरीक्षण के निष्कर्ष-

निरीक्षण में सबसे गंभीर पेंशन भुगतान से जुड़े गबन के प्रकरण हैं। कोषागार चित्रकूट में 93 प्रकरणों में लगभग ₹44.39 करोड़ का भुगतान बिना प्राधिकार पत्र, स्वीकृति आदेश या भुगतान आदेश के मिला; इसमें मृत पेंशनरों के नाम पर ₹15.31 करोड़ से अधिक तथा बिना अभिलेख के बकाया पेंशन के रूप में लगभग ₹25.81 करोड़ शामिल हैं। कोषागार मथुरा में 6 पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों का भुगतान एक ही बैंक खाते में जाता पाया गया। इन प्रकरणों में दिसम्बर 2025 तक कुल ₹2.58 करोड़ का भुगतान हुआ, जिसमें से ₹1.62 करोड़ को इकाई ने प्रथम दृष्टया अनधिकृत माना है। कोषागार मेरठ में एरियर के नाम पर एक कर्मचारी को ₹10.97 लाख का अनियमित भुगतान हुआ, मेरठ और लखनऊ कलेक्ट्रेट सहित 14 कोषागारों में वेतन के भुगतान में ऐसी ही विसंगतियाँ मिली हैं।

पेंशन संबंधी अन्य अधिक /कम भुगतान -

बढ़ी हुई दर पर पारिवारिक पेंशन निर्धारित अवधि के बाद भी दिए जाने से 12 कोषागारों में 99 पेंशनरों के प्रकरण में ₹2.03 करोड़ की क्षति हुई, और पुत्र की आयु 25 वर्ष पूरी होने के बाद भुगतान, महँगाई राहत की गलत दर, पारिवारिक पेंशन के स्थान पर सेवानिवृत्तिक पेंशन, त्रुटिपूर्ण पी0पी0ओ0 के माध्यम से अधिक भुगतान के प्रकरण भी मिले। इन सबको जोड़ने पर अधिक भुगतान लगभग ₹2.95 करोड़ है। इसके अलावा 72 कोषागारों में 929 दिवंगत पेंशनरों के नाम पर बैंकों को भेजी गई ₹4.91 करोड़ की राशि वापस नहीं ली गई है।

45 कोषागारों में 80 वर्ष से अधिक आयु के 2,425 पेंशनरों को अतिरिक्त पेंशन नहीं दी गई, 329 को महँगाई राहत नहीं मिली, 127 को ₹9,000 की न्यूनतम पेंशन से कम का भुगतान किया जा रहा है, 126 का सातवें वेतन आयोग के अनुसार

पुनरीक्षण नहीं हुआ और 153 की प्रथम पेंशन एक माह की सीमा में शुरू नहीं हुई। जीवन प्रमाण पत्र 57 कोषागारों में पत्रावलियों मे संलग्न नहीं पाये गए और 62 कोषागारों ने लंबे समय से पेंशन आहरण न करने वाले प्रकरणों की तहसील स्तर से जाँच नहीं कराई।

लेखा से जुड़े क्षेत्र में 55 कोषागारों में ₹23.29 करोड़ की चुनाव जमानत राशि जब्त कर प्राप्ति शीर्ष 0070 में जमा नहीं की गई, 6 कोषागारों में कोषागार नियम-27 के अंतर्गत आहरित ₹2.1 करोड़ वर्षान्त तक असमायोजित रहे।

भाग-1

1 परिचयात्मक

शासकीय राजस्व की प्राप्ति एवं भुगतान पर प्रभावी नियंत्रण रखने के उद्देश्य से कोषागारों की स्थापना की गई है। सभी कोषागार उत्तर प्रदेश शासन के वित्त लेखा विभाग निदेशक, कोषागार उत्तर प्रदेश, लखनऊ के प्रशासनिक नियंत्रण में अपने दायित्व का निर्वहन करते हैं तथा शासकीय लेखा प्रणाली के मुख्य एवं महत्वपूर्ण अंग है। कोषागारों की कार्य प्रणाली के सुचारू रूप से संचालन हेतु शासन के वित्त एवं लेखा संवर्ग के अधिकारियों को मुख्य / वरिष्ठ / कोषाधिकारी / उप कोषाधिकारी के रूप में नियुक्त किया जाता है। कुछ उपकोषागारों में तहसीलदार को उप कोषाधिकारी का अतिरिक्त कार्य प्रभार दिया जाता है। सभी अधिकारी अपने कर्तव्य का पालन कर सके, इसके लिए शासन द्वारा कुछ नियमावलियां / नियम संहिताएं बनायी हैं। इन्हीं नियमों / विनियमों के अधीन उन्हें अपने दायित्व का निर्वहन करना पड़ता हैं।


सभी कोषागारों में मुख्यतः निम्नलिखित दो प्रकार के महत्वपूर्ण कार्यों का निष्पादन किया जाता है:-

i. शासन को प्रदेय धनराशि की प्राप्ति एवं शासन की ओर से भुगतान की गई धनराशि को लेखे में समुचित ढंग से दर्शाना।
ii. प्रारम्भिक लेखाओं को तैयार कर कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, प्रयागराज को प्रेषित कराना, जिससे कि महालेखाकार लेखाओं का संकलन कर, मासिक लेखा वार्षिक वित्त एवं विनियोजन लेखा समय से तैयार कर, विधान मण्डल के समक्ष प्रस्तुत कर सके।

1.1 संगठनात्मक ढांचा-

11 जुलाई 2024 को Cyber Treasury का सृजन होने के बाद उत्तर प्रदेश में कुल 83 कोषागार तथा 165 उपकोषागार है। सभी कोषागार / उपकोषागार बैंकिंग हैं। इनका समस्त लेन-देन भारतीय स्टेट बैंक अथवा अन्य राष्ट्रीयकृत बैंकों एवं ई-कुबेर (भारतीय रिजर्व बैंक) के माध्यम से होता है।

1.2 उत्तर प्रदेश शासन के कोषागारों / उपकोषागारों का सांगठनिक ढाँचा-



1.2.1 कोषागारों मे कर्मचारी वर्ग की स्थिति-

प्रदेश के सभी कोषागारों में कार्यरत् कर्मचारियों की स्थिति निम्न विवरणानुसार है:-

वर्ष	कोषागारों कुल स्वीकृत पद	तैनाती	प्रशिक्षित	अप्रशिक्षित
2025-26	2132	1411	--	--

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि 2132 स्वीकृत पद के सापेक्ष तैनाती केवल 1411 कर्मचारियों की है, जो कि मात्र स्वीकृति का 66% प्रतिशत है जो कि बहुत कम है। तैनाती के सापेक्ष प्रशिक्षित का विवरण कोषागारों द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया है। कर्मचारी कम होने के कारण कार्य की गुणवत्ता प्रभावित होती है एवं त्रुटियॉ होने की सम्भावना अधिक रहती है। सभी कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाना चाहिए।

1.3 उत्तर प्रदेश में कोषागारों का कम्प्यूटरीकरण-

उत्तर प्रदेश में कोषागार कंप्यूटरीकरण प्रणाली मैनुअल प्रणाली की कमियों को दूर करने एवं बेहतर बजटीय नियंत्रण प्राप्त करने के उद्देश्य से वर्ष 1985-86 में लागू किया गया था। कंप्यूटरीकरण प्रणाली के क्रियान्वयन एवं संचालन की प्रभावशीलता के आकलन हेतु कार्यालय कोषागार निदेशक का सूचना प्रौद्योगिकी निरीक्षण प्रारम्भ किया गया।

मुख्य बिन्दु

- उपयोगकर्ता आवश्यकता विनिर्देश (यू॰आर॰एस॰), प्रणाली आवश्यकता विनिर्देश (एस॰आर॰एस॰) एवं प्रणाली विकास योजना (एस॰डी॰डी॰) का अभाव
- सामान्य नियंत्रण (General control) का अभाव
- अनुप्रयोग नियंत्रण (Application control) का अभाव
    - अपूर्ण मास्टर फाइल
    - वेतन एवं पेंशन अनुप्रयोग की मास्टर फाइल में अभिलेखों की डुप्लीकेसी
    - अभिलेखों के मान्यकरण का अभाव

1.3.1 कम्प्यूटरीकरण का उद्देश्य-

शासन के मानवीय भूल की घटनाओं को कम करने, बेहतर बजटीय नियंत्रण स्थापित करने, लेखा की स्वच्छ एवं पठनीय प्रतियाँ तैयार करने तथा उपलब्ध निधि के प्रयोग की स्थिति एवं धन के व्यय से संबन्धित वास्तविक समय की स्थिति प्राप्त करने के लिए वर्ष 1985-86 मे कोषागारों के संचालन को कम्प्यूटरीकृत करने का निर्णय लिया। उत्तर प्रदेश विकास प्रणाली निगम (UPDESCO) द्वारा प्रायोगिक परियोजना के अंतर्गत तीन कोषागारों में Dbase सॉफ्टवेयर के प्रयोग से यह प्रक्रिया (1985-86) प्रारम्भ की थी। जैसा कि उत्तर प्रदेश विकास प्रणाली निगम वांछित परिणाम प्राप्त करने में असफल रहा, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) को Fox-Plus आधारित एप्लिकेशन का प्रयोग करते हुये कंप्यूटरीकरण का कार्य (1994-95) सौंपा गया। सभी जिला कोषागारों का कंप्यूटरीकरण वर्ष 1999-2000 तक पूरा किया गया। अगस्त 2001 में Fox-Plus एप्लिकेशन को Linux प्लेटफॉर्म पर Oracle आधारित एप्लिकेशन द्वारा स्थानांतरित किया गया।

एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर के हार्डवेयर, विकास एवं क्रियान्वयन स्थापित करने का उत्तरदायित्व राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र का था। कोषागारों को Xeon सर्वर, बैकअप सर्वर, लाइन मैट्रिक्स प्रिन्टर, यू॰पी॰एस॰, जनरेटर तथा डंब टर्मिनल उपलब्ध कराये गए। वर्ष 2006-07 के दौरान कोषागारों में कार्य करने वाला सॉफ्टवेयर 'एकीकृत ट्रेजरी सिस्टम एप्लिकेशन' (ITSANIC) वर्जन-5.3 था।

1.3.2 उत्तर प्रदेश सरकार में आई0एफ0एम0एस0 माड्यूल की स्थिति-

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2010-11 में आई0एफ0एम0एस0 लागू किये जाने के विषय में निर्णय लिया गया। उत्तर प्रदेश राज्य सरकार के समस्त 83 कोषागार कम्प्यूटरीकृत हैं। सेन्ट्रल ट्रेजरी सर्वर कार्यालय निदेशक सांख्यिकी, जवाहर भवन उत्तर प्रदेश लखनऊ में स्थापित है। सेन्ट्रल सर्वर से बैंक, आहरण वितरण अधिकारी, आर0बी0आई0, कोषागार, वित्त विभाग और कार्यालय महालेखाकार (Linked) जुड़े हुए हैं आई0 एफ0 एम0 एस0 की माड्यूलवार स्थिति निम्न है:-

Sl. No.	Module	Name of the Application (related concerned to module)	Status of Implementation (Implemented / Partial Implemented / Under Testing/ Yet to be developed)	If implemented, Date of Implementation
1.	Listing and uniform coding of all transactions/ elements/entities	Budget Allotment Module	Implemented	Implemented 2011-12
2.	Budget module	At Government Level		
3.	Sanction or Allotment Module	Budget Allotment Module	Implemented	Implemented 2011-12

4.	e-billing module	UPKOSH	Implemented	Implemented 2017-18
5.	Treasury Bill Passing Module	CTS System	Implemented	Implemented 2013-14
6.	e-Payment Module	E-Kuber	Implemented	E-Payment (through SBI)Implemented in 2013, switched to E-Kuber in 2018
7.	Online Receipt Module	Rajkosh	Implemented	Implemented 2014
8.	Treasury Module	CTS System	Implemented	Implemented 2013-14
9.	GPF and Loan Modules (Schedules of GPF/Loan)	CTS AG Module	Implemented End 2 End digitization under developement	Implemented 2015 End 2 End digitization under developement
10.	Works and Forest Module	WAMIS	Under Developement	Under Developement
11.	Preparation of Monthly Accounts	CTS AG Module agam.up.gov.in (through Login)	Implemented	Implemented 2015
12.	Reconciliation	CTS AG Module agarm.up.gov.in(through Login)	Implemented	Implemented 2015
13.	Debt Management Module	-	-	-
14.	Long Term Advances (LTA) Module	CTS AG Module	Implemented	Implemented 2015
15.	Inter State Transaction Module (Account Current)	-	-	-
16.	GPF Module	CTS AG Module	Implemented End 2 End digitization under developement	Implemented 2015 End 2 End digitization under developement
17.	AG Authorisation Module	-	-	-
18.	Audit Module	-		-
19	Pensioners' Database	CTS AG Module(Sanction through E-pension UPOPS)	Implemented	E-Pension Implemented in 2014-15
20.	MIS Reports	Koshvani	Implemented	From 2005
21.	Data Storage	CTS/ DC Yojana Bhawan, Lucknow Backup Jawahar bhawan, Lucknow DR Server NDC, Bhuvneshwar	Implemented	Implemented 2013-14
22.	Deposit Accounts	CTS through Interface	Implemented	Implemented 2018-19

वर्तमान में डी0डी0ओ0 पोर्टल से जनरेटेड एवं हस्तलिखित वाउचर कोषागार से प्राप्त हो रहे हैं। डी0डी0ओ0 पोर्टल से जनरेटेड बिलों पर अभी डिजिटल सिगनेचर नहीं किया जा रहा है। पे-बिल से सम्बन्धित बिल जो कि डी0डी0ओ0 पोर्टल से जनरेट किये जा रहे हैं, महालेखाकार द्वारा अनुमोदित किये जा चुके हैं। पे-बिल के अतिरिक्त अन्य बिलों पर जो कि डी0डी0ओ0 पोर्टल से जनरेट किये जा रहे हैं, पर महालेखाकार का अनुमोदन राज्य सरकार द्वारा अभी तक प्राप्त नहीं किया गया है। यह कार्य NIC/FSD द्वारा विकसन के अधीन है।

1.4 कोषागारों / उप कोषागारों के निरीक्षण का उद्देश्य-

कोषागार शासकीय राजस्व की प्राप्ति एंव भुगतान करने के साथ भुगतान पर नियन्त्रण रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। कोषागार अपने दायित्वों को सुनिश्चित् रूप से नियमानुसार एवं निर्बाध गति से निर्वहन कर सके, इसके लिए शासन द्वारा विभिन्न संहिताओं एंव वित्तीय नियमों / विनियमों को बनाया गया है जिससे कि निर्धारित उपबन्धों के विचलन से राज्य सरकार के वित्तीय प्रबन्धन पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े एवं कोषागारों / उपकोषागारों की कार्य क्षमता का विकास मितव्ययिता के साथ हो सके। उपर्युक्त उद्देश्यों के पूर्ति की दृष्टि से यह कार्यालय कोषागारों / उपकोषागारों का वार्षिक निरीक्षण करता है। उक्त उद्देश्यों के अतिरिक्त कोषागार / उपकोषागार के निरीक्षण का अन्य उद्देश्य निम्न प्रकार है -

- सरकार के वित्तीय स्थिति का उनके लेखाओं में स्पष्ट प्रदर्शन को सुनिश्चित करना।
- सरकार के अधिदेशाधीन कार्यकलापों के कार्यान्वयन में मितव्ययी, दक्षता तथा प्रभावकारिता की प्राप्ति का निर्धारण सुनिश्चित करना।
- पेन्शन स्वीकृत करने को शासित करने वाली अर्हता शर्ते, पूरी की गयी हैं को सुनिश्चित करना।
- पेन्शन स्वीकृत एवं आहरित की राशि का भुगतान पेंशन नियमावली के अनुसार सुनिश्चित करना।
- बहुमूल्य वस्तुओं का रख-रखाव एवं भौतिक सत्यापन नियमानुसार किया जाना सुनिश्चित करना।
- स्टाम्पों की मॉग, भण्डारण, भौतिक सत्यापन, सुरक्षा एवं बिक्री स्टाम्प मैनुअल के अनुसार किया जाना सुनिश्चित करना।

--*

भाग-2

2 इस कार्यालय मे प्रदेश के कोषागारों से प्राप्त लेखाओं के संकलन एवं सत्यापन के दौरान संज्ञान में आई कमियाँ एवं अनियमितताऐं

भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक के स्थाई आदेशों की पुस्तिका (लेखा एवं हक0) खण्ड-1 के अध्याय-2 के अनुसार सभी लेखाकरण कार्य और लेखा एवं हक0 कार्यो से सम्बन्धित जॉच कार्य महालेखाकार कार्यालय (ले0 एवं हक0) को सौपे गये हैं। महालेखाकार (लेखा एवं हक0) निम्नलिखित कार्यो के लिये उत्तरदायी है:-


- राज्य सरकारों के विभिन्न कोषागारों और लोक निर्माण तथा वन मण्डलों से प्राप्त हुये वाउचरों और अनुसूचियों के आधार पर व्यय और प्राप्तियों के मासिक लेखे को संकलित करना।
- विनियोग एवं वित्त लेखे तैयार करना।
- जहॉ कहीं अपेक्षित हो कर्मचारियों की विनिर्दिष्ट श्रेणियों के सा0भ0नि0 लेखाओं को रखना।
- जहॉ कहीं अपेक्षित हो कर्मचारियों की पेंशन और अन्य सेवा निवृत्ति लाभों को प्राधिकृत करना।
- विभिन्न जमाशीर्षो के अन्तर्गत लेन-देनों के सम्बन्ध में महालेखाकार कार्यालयों में रखे गये लेखाओं का कोषागार लेखा से मिलान करना।
- जहॉ कहीं अपेक्षित हो विभिन्न दीर्धकालिक कर्जो एवं अग्रिमों के लेखे रखना।

कोषागारों से प्राप्त मासिक लेखों को इस कार्यालय में संकलित व अंकन करते समय पाई त्रुटियों / कमियों / अनियमितताओं का विवरण निम्नवत् है:-

2.1 प्रदेश कोषागारों मे 1.22 करोड़ धनराशि के 200 असमायोजित ए.सी. बिल-

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के स्थाई आदेशों की पुस्तिका (लेखा एवं हक0) खण्ड-1 के अध्याय-5 के अनुसार भुगतान के बाद प्रति हस्ताक्षरित बिलों के मामले में धन वस्तुतः एक संक्षिप्त आकस्मिक व्यय बिल में आहरित किया जाता है, और उच्च प्राधिकारी का अनुमोदन जैसा कि उसके प्रतिहस्ताक्षरित द्वारा दर्शाया गया व्यौरेवार प्रतिहस्ताक्षरित बिल महालेखाकार (ले0 एवं हक0) द्वारा बाद में प्राप्त किया जाता है। संक्षिप्त बिल तथा व्यौरेवार बिल दोनों की महालेखाकार कार्यालय में संवीक्षा अपेक्षित होती है। संक्षिप्त आकस्मिक व्यय बिल में आहरित अग्रिमों के सम्बन्ध में व्यौरेवार आकस्मिक बिल की प्राप्ति पर निगरानी रखना लेखाकरण का कार्य है।

अनुभागीय जॉच में पाया गया कि प्रायः ए0सी0 बिल पर लाल पेन से ए0सी0 / डी0सी0 बिल चिन्हित नहीं किया जाता है एवं निम्नलिखित वर्षो के ए0सी0 बिलों के समायोजन के लिये डी0सी0 बिल अप्राप्त है, जबकि नियंत्रक अधिकारी द्वारा प्रस्तुत डी0सी0 बिलों का वाउचर्स / सब-वाउचर्स से विस्तृत परीक्षण करने के उपरान्त बिल को हस्ताक्षरित करते हुए 3 माह के अन्दर कार्यालय महालेखाकार को प्रस्तुत कर दिया जाना चाहिये। ए.सी. बिलों के समायोजन के लिये डी.सी. बिल प्रेषित करने हेतु वित्त सचिव, उ0प्र0 शासन, निदेशक कोषागार, सी.सी.ओ. एवं डी.डी.ओ. से निरन्तर पत्राचार किया जा रहा है। वर्ष 2025-26 तक एसी बिल के सापेक्ष धनराशि **1.22** करोड़ के लंबित DC बिल की संख्या **200** है। विवरण परिशिष्ट - "2.1"




2.2 धनराशि 9326.03 करोड़ के 13,865 सहायता अनुदान बिल के सापेक्ष बकाया उपभोग प्रमाणपत्र -

विभिन्न श्रेणी के स्थानीय निकायों तथा संस्थाओं को विभिन्न श्रेणियों के अनुदानों का भुगतान जैसे अस्पताल तथा औषधालयों को अभिदाय, शैक्षणिक संस्थाओं को अनुदान, सड़क इत्यादि की मरम्मत के लिये अभिदाय आदि प्रत्येक श्रेणी के भुगतान

सरकार के साधारण या विशेष आदेश के अधीन वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड-5 भाग-1 के नियम 369A के निर्देशो से विनियमित होते हैं।

वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड-5 भाग-1 के नियम 369-H के अनुसार जब केवल विशिष्ट वित्तीय वर्ष की अवधि के दौरान उपभोग के लिये वार्षिक रूप में अनुदान या गैर चालू अनुदान दिया जाता है तो प्रशासकीय विभाग या कार्यालय जो अनुदान को मन्जूर करें वर्ष के 30 सितम्बर पर या उसके पूर्व जिससे अनुदान सम्बन्धित है, का एक प्रमाण पत्र महालेखाकार को अग्रेसित किया जाय। परन्तु इस सम्बन्ध का प्रमाण पत्र विभिन्न वर्षो में महालेखाकार को अग्रेसित नहीं किया गया है। वर्ष 2025-26 तक धनराशि 9326.03 करोड़ के 13865 सहायता अनुदान के सापेक्ष लंबित उपभोग प्रमाणपत्रों का विवरण परिशिष्ट –"2.2" मे दिया गया है।



2.3 सामान्य भविष्य निधि (राज्य) के लेखे-

वर्ष 2025-26 के दौरान सामान्य भविष्य निधि खातों में निम्नलिखित विसंगतियॉ पायी गयी।

2.3.1 484 प्रकरणों मे सामान्य भविष्य निधि लेखे में प्रारम्भिक अवशेष ऋणात्मक होने के बाद भी अग्रिम स्वीकृत किया जाना तथा प्रारम्भिक अवशेष से अधिक धनराशि का आहरण किया जाना -

उत्तर प्रदेश सामान्य भविष्य निधि नियमावली 1985 के नियम-13 के उपनियम-06 के अनुसार किसी अग्रिम की धनराशि का निर्धारण करने में स्वीकृत प्राधिकारी निधि में अभिदाता के खाते में जमा धनराशि पर सम्यक् ध्यान देगा। जब कभी अभिदाता अपने सामान्य भविष्य निधि पास बुक या नियम 27 के अधीन लेखाधिकारी द्वारा जारी किये गये सामान्य भविष्य निधि लेखा के नवीनतम् उपलब्ध विवरण तथा अनुवर्ती अभिदानों के साक्ष्य सहित निधि में अपने जमा खाते में विद्यमान धनराशि के सम्बन्ध में सक्षम प्राधिकारी का समाधान करने की स्थिति में हो तो सक्षम प्राधिकारी सीमा के भीतर अग्रिम स्वीकृत कर सकता है। ऐसा करने में सक्षम प्राधिकारी अभिदाता को पहले से स्वीकृत किसी अग्रिम या प्रत्याहरण को ध्यान में रखेगा।

परन्तु वर्ष 2025-26 के दौरान 104 प्रकरणों मे अभिदाताओं का सामान्य भविष्य निधि लेखे में प्रारम्भिक अवशेष ऋणात्मक होने के बाद भी अभिदाताओं को स्वीकृत प्राधिकारी द्वारा अग्रिम स्वीकृत किया गया है तथा 380 प्रकरणों मे प्रारम्भिक अवशेष से अधिक धनराशि का आहरण किया गया है जिसे अंतिम अवशेष ऋणात्मक हो गया, जो कि गम्भीर अनियमितता है। जिसकी सूची परिशिष्ट -"2.3.1" में संलग्न है।

2.3.2 मासिक शिड्यूलों में सामान्य भविष्य निधि अभिदाता का नाम एवं लेखा संख्या त्रुटिपूर्ण होने के कारण 15.79 करोड़ धनराशि के 37308 आइटम अनपोस्टेड होना-

मासिक जी0पी0एफ़0 क्रेडिट शिड्यूलों में अभिदाताओं की सही-सही लेखा संख्या एवं नाम जो इस कार्यालय द्वारा आवंटित किये गये हैं, अंकित होना आवश्यक है और इसी आवंटित लेखा संख्या के सापेक्ष अभिदाताओं के अंशदानों की कटौतियों को अंकित होना चाहिये किन्तु अभिदानों से सम्बन्धित शिड्यूल्स के अवलोकन के उपरान्त यह पाया गया कि इस कार्यालय में

प्राप्त होने वाले सामान्य भविष्य निधि से सम्बन्धित देयको (वाउचर) में अभिदाताओं के अंशदान जिस लेखा संख्या के सापेक्ष प्राप्त हो रहे हैं वह इस कार्यालय के डेटा बेस से मेल नहीं खाते है। इस प्रकार सा0भ0नि0 शिड्यूल का दोषपूर्ण होना अभिदाताओं को कठिनाई एवं कष्ट पहुंचाता है। डेबिट प्रमाणकों में गलत खाता संख्या को दर्शाने का परिणाम कम या अधिक भुगतान हो सकता है। वर्ष 2025-26 मे विभिन्न कोषागारों के 37308 अनपोस्टेड आइटम की धनराशि 157889088.60 है। कोषागारवार विवरण परिशिष्ट- "2.3.2" में संलग्न है।

2.3.3 चतुर्थ श्रेणी से भिन्न सामान्य भविष्य निधि लेखे में नई पेन्शन योजना से आच्छादित कर्मचारियों एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की कटौतियों का योग में सम्मिलित होना-

इस कार्यालय द्वारा चतुर्थ श्रेणी से भिन्न कर्मचारियों के सामान्य भविष्य निधि के लेखे का रख-रखाव किया जाता है। अभिदाताओं के चतुर्थ श्रेणी से भिन्न सामान्य भविष्य निधि लेखे में नई पेन्शन योजना से आच्छादित एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के अंशदान प्राप्त हो रहे हैं, जो कि लेखे के साथ प्राप्त नहीं होने चाहिये। जिसकी विवरण परिशिष्ट –"2.3.3" में संलग्न है।

2.4 आर0 बी0 डी0 की धनराशियों में अन्तर-

एजेन्सी बैंक द्वारा माह के अन्त में डेट वाइज मन्थली स्टेटमेंन्ट (DMS) तैयार कर कोषागार / उपकोषागारों को उनके अभिलेखों से मिलान हेतु प्रेषित किया जाता है। कोषागार / उपकोषागार द्वारा (DMS) की प्राप्ति के दो दिन के भीतर ''चेक एण्ड फाउन्ड करेक्ट'' के प्रमाण पत्र के साथ बैंक को वापस कर दिया जाना चाहिये। इस प्रमाणित (DMS) को VDMS कहा जाता है जिसमें आर0बी0डी0 की धनराशि होती है। VDMS के अतिरिक्त निम्नलिखित स्रोतो से RBD धनराशि प्राप्त होती है।

1- कोषागार द्वारा प्रेषित भुगतान / प्राप्तियों की सूची के माध्यम से।
2- RBI कानपुर के माध्यम से प्रेषित MCS (मन्थली क्लोजिंग स्टेटमेन्ट) द्वारा।

2.4.1 कोषागार द्वारा प्रेषित भुगतान / प्राप्ति की सूची और वी0डी0एम0एस0 से प्राप्त आर0बी0डी0 की धनराशियों में अन्तर-

कोषागार द्वारा मासिक लेखे के साथ भुगतान / प्राप्ति की सूची और वी0डी0एम0एस0 कार्यालय महालेखाकार को प्रेषित किये जाते हैं। उनके द्वारा प्रेषित एल0ओ0पी0 और कैश एकाउन्ट में सूचित आर0बी0डी0 की धनराशि और वी0डी0एम0एस0 में सूचित आर0बी0डी0 की धनराशि समान होनी चाहिये। एल0ओ0पी0 / कैश एकाउन्ट एवं वी0डी0एम0एस0 में सूचित आर0बी0डी0 की धनराशि में भिन्नता होने पर समायोजन हेतु सम्बन्धित कोषागारों से लेखा संशोधन प्राप्त कर समायोजित किया जाता है परन्तु उपरोक्त सम्बन्ध में कोषागार द्वारा लेखा संशोधन प्रेषित नहीं किया जा रहा है। कोषागार द्वारा प्रेषित भुगतान / प्राप्ति की सूची और वी0डी0एम0एस0 से प्राप्त आर0बी0डी0 की धनराशि में अन्तर परिशिष्ट –"2.4.1" में अंकित है।

2.4.2 कोषागार द्वारा प्रेषित आर0बी0डी0 और आर0बी0आई0 द्वारा प्रेषित मन्थली क्लोजिंग स्टेटमेन्ट (एम0सी0एस0) में अन्तर-

एजेन्सी बैंक के लिंक ब्रांच आफिस द्वारा प्रस्तुत किये गये लेन-देन का मासिक स्टेटमेन्ट आर0बी0आई0 से कार्यालय महालेखाकार को प्राप्त होता है जिसे मन्थली क्लोजिंग स्टेटमेन्ट कहा जाता है।
आर0बी0आई0 द्वारा कार्यालय महालेखाकार को प्रेषित आर0बी0डी0 की धनराशि एवं कोषागार द्वारा प्रेषित आर0बी0डी0 की धनराशि में भिन्नता है। आर0बी0डी0 में अन्तर आने वाले कोषागारों की संख्या का वर्षवार विवरण निम्नलिखित है एवं इससे सम्बन्धित सूची- परिशिष्ट -"2.4.2" में अंकित है:-
कोषागारों से निर्धारित प्रोफार्मा में लेखा संशोधन एवं बैंक स्तर पर त्रुटि होने पर सम्बन्धित बैंक से भारतीय रिजर्व बैंक के माध्यम से समायोजन उपलब्ध कराने हेतु निरन्तर पत्राचार किया जाता है, साथ ही विभिन्न स्तर पर बैठक के माध्यम से भी आर.बी.डी. विसंगतियों के समायोजन हेतु प्रयास किया जाता है।

2.4.3 कोषागारों द्वारा वी0डी0एम0एस0 विलम्ब से प्रेषित / प्रेषित नहीं किया जाना-

कोषागारों द्वारा विलम्ब से प्रेषित / प्रेषित नहीं किये गये वी0डी0एम0एस0 की सूची परिशिष्ट –"2.4.3" में अंकित है।

2.5 व्यक्तिगत जमा / वैयक्तिक लेखा खाता-

साधारणतः वैयक्तिक लेखा खाता का खोला जाना सरकार द्वारा महालेखाकार से परामर्श करने के बाद संस्वीकृत किया जाता है। यह सामान्यतः मान्य है कि सरकार ऐसे लेखाओं को खोलने के लिये तब तक सहमत नहीं होगी जब तक कि इस बात से सन्तुष्ट नहीं हो जाती कि वैयक्तिक लेखा खाते में धन के आरम्भिक लेखे उपर्युक्त रूप से रखे जाते हैं और वे लेखा परीक्षा के अध्यधीन है।

सरकार के पास जमा के रूप में रखे जाने के लिये प्राप्त धन के मामले में महालेखाकार को इस बात की संतुष्टि कर लेनी चाहिये कि यह धन सांविधिक प्रावधान या सरकार के सामान्य या विशेष आदेशों के आधार पर उचित रूप से राज्य के लोक लेखे को क्रेडिट किये जा सकते हैं। यह भी देखना चाहिये कि सरकार के लेखाओं में कोई ऐसी मद जमा के रूप में क्रेडिट नहीं की जाती है जो उस सरकार की राजस्व प्राप्ति या सामान्य व्यय में कमी के रूप में जमा की जा सकती थी।

महालेखाकार का यह देखना भी एक कर्तव्य है कि जमा लेखाओं में शेष वर्षानुवर्ष सही रूप में आगे ले जाए गए है कि जहाँ आवश्यक और व्यवहार्य है प्रत्येक लेखे में वर्ष के अन्त में शेष राशि के सही के रूप में स्वीकृति की पावती सम्बन्धित व्यक्ति या निकाय द्वारा दी जाती है और यह कि ऐसी अवधि जो इस बारे में सरकार द्वारा निर्धारित की जाय, के लिये अदावित पड़ी कोई राशि सरकार को राजस्व के रूप में क्रेडिट की जाती हैं। वैयक्तिक जमा खाता के लेखांकन में निम्नलिखित कमियॉं / विसंगतियॉ पाई गयी।

2.5.1 कोषागारों से प्लस-माइनस मेमोरेन्डा प्राप्त न होना-

कोषागारों से प्राप्त प्लस-माइनस मेमोरेन्डा के आधार पर पी0एल0ए0 खातों की ब्राडशीट बनायी जाती है। अनेक कोषागारों द्वारा प्लस-माइनस मेमो इस कार्यालय को प्रेषित नहीं किये गये हैं जिसका विवरण परिशिष्ट –"2.5.1" में अंकित है।

2.5.2 वैयक्तिक लेखों के वर्ष के मार्च माह के इतिशेष एवं अगले वित्तीय वर्ष के अप्रैल माह के आरंभिक अवशेष मे अंतर होना-

PD/ PLA प्लस-माइनस में मार्च माह का अंतिम अवशेष, अप्रैल माह के प्रारम्भिक अवशेष के बराबर होना चाहिए। परन्तु कोषागारों के प्लस-माइनस मेमों की जांच में पाया गया कि 31-03-2026 को पीएलए प्लस-माइनस का अंतिम अवशेष 01-04-2026 के प्रारम्भिक अवशेष के बराबर नहीं है। कोषागार बहराइच, मऊ, रामपुर, सिद्धार्थ नगर पीएलए खातों मे अंतिम अवशेष एवं प्रारम्भिक अवशेष में अंतर प्रकट हो रहा है। इससे सम्बन्धित सूचना परिशिष्ट –"2.5.2" में अंकित है।


2.5.3 कोषागारों द्वारा वैयक्तिक लेखों का मिलान महालेखाकार को प्रेषित न किया जाना-

वैयक्तिक जमा खाता धारको द्वारा प्रतिवर्ष अपने खातों से सम्बन्धित अवशेषों का मिलान कोषागारों के लेखों से कराया जाना चाहिये तत्पश्चात् कोषागार में खुले पी0एल0ए0 खाता धारकों से 31 मार्च तक का अवशेष स्वीकार्य प्रमाण पत्र कार्यालय महालेखाकार को प्रेषित किया जाना चाहिये। 34 कोषागारों द्वारा वर्ष 2025-26 के वैयक्तिक लेखों का मिलान महालेखाकार को प्रेषित नही किया गया है। इससे सम्बन्धित सूचना परिशिष्ट –"2.5.3" में अंकित है।

2.5.4 ₹43.89 करोड़ की धनराशि के 154 असंचालित व्यक्तिगत लेखा खातों को बन्द न किया जाना-

वित्त (लेखा) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-ए-1-636(1)/टस-98-10(12)/95, दिनांक 04 मई, 1998 द्वारा प्रख्यापित "उत्तर प्रदेश वैयक्तिक लेखा खाता नियमावली-1998" के भाग-4 के प्रस्तर-11(2), जो खाते बन्द किये जाने के सम्बन्ध में है, में उल्लेख है कि किसी वैयक्तिक लेखा खाते में तीन वर्ष तक कोई भी लेन-देन न हो, तो ऐसे खाते को बन्द करने हेतु कोषाधिकारी द्वारा सक्षम प्राधिकारी से लिखित अनुरोध किया जायेगा। यदि लिखित अनुरोध की तिथि से तीन माह तक सक्षम प्राधिकारी का उत्तर प्राप्त नहीं होता है तो कोषाधिकारी द्वारा महालेखाकार, उत्तर प्रदेश के परामर्श से, यदि खाते में कोई धनराशि अवशेष है तो उसे सुसंगत लेखाशीर्षक के अन्तर्गत जमा कर दिया जायेगा तथा खाते को बन्द कर दिया जायेगा एवं इसकी सूचना सक्षम प्राधिकारी को दी जायेगी। उक्त परिस्थितियों में खाता बन्द किये जाने की दशा में राज्य सरकार को यदि हानि होती है तो हानि के लिये सक्षम प्राधिकारी उत्तरदायी होंगे।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के उपलब्ध आकड़ों के आधार पर उ0प्र0 सरकार के अधीन कुल-371 वैयक्तिक लेखा खाते हैं, जिनमें से 217 वैयक्तिक लेखा खाते संचालित हैं एवं 154 खाते 3 वर्ष या अधिक समय से असंचालित हैं। उ0प्र0 सरकार द्वारा मुख्य लेखाशीर्ष 8443 सिविल डिपाजिट-106, जो वैयक्तिक लेखा खाते के उद्देश्य से सर्वथा उपयुक्त लेखा शीर्ष है, के तहत खोले जाने वाले खातों के अतिरिक्त अन्य मुख्य / लघु लेखा शीर्षों के तहत भी वैयक्तिक लेखा खाते खोले जा रहे हैं। वैयक्तिक लेखा खातों का मुख्य लेखा शीर्षवार विवरण तथा दिनांक-31-03-2026 को उनकी सं0 व उनमें अवशेष की स्थिति का विवरण परिशिष्ट –"2.5.4" पर उपलब्ध है।



उक्त सारणी से यह प्रदर्शित है कि कुल-371 वैयक्तिक लेखा खातों में से ₹ 1.24 करोड़ की धनराशि वाले 03 खाते मुख्य लेखाशीर्ष 8342-120 (विविध जमा) के तहत संचालित किये जा रहे हैं। दिनांक 31-3-2026 को 154 असंचालित लेखा खाते हैं, जिनमें ₹43.89 करोड़ की धनराशि अवशेष है। इस कार्यालय के सतत प्रयासों के उपरान्त उ0प्र0 शासन ने दिनांक 4-1-2018 को ऐसे असंचालित वैयक्तिक जमा खातों को बन्द करने की विस्तृत प्रक्रिया का वर्णन करते हुए इन्हें तत्काल बन्द करने के आदेश निर्गत किया था। बन्द किये गये वैयक्तिक जमा लेखे की धनराशि मुख्य लेखाशीर्ष 2075-00-911 (डिडक्ट रिकवरी आफ ओवर पेमेंट) में जमा करा दिया जाता है। शेष 154 असंचालित वैयक्तिक लेखा खातों को बन्द कराने के लिए नियमित प्रयास किये जा रहे हैं।

2.6 लोक निर्माण प्रेषण शीर्ष के अंतर्गत लंबित धनराशियों का समाधान न किया जाना-


अभियंत्रण विभागों के खण्डों द्वारा कोषागार में जमा की गयी धनराशि खंडों के लेखे में '8782-नगद प्रेषण-00-102-लोक निर्माण प्रेषण-01' कोषागार में प्रेषण के अंतर्गत डेबिट की जाती है जबकि यह धनराशि कोषागार के लेखे में 'लेखाशीर्ष 8782-नगद प्रेषण-00-102-लोक निर्माण प्रेषण-02 लोक निर्माण चेक्स' के अंतर्गत क्रेडिट की जाती है जबकि चेक्स की भुगतान की धनराशि को कोषागार अपने लेखे में डेबिट करता है।

लोक निर्माण प्रेषण शीर्ष के अंतर्गत लंबित धनराशियों के समाधान हेतु, वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड-6 के प्रस्तर-742 एवं 743 तथा वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड-5 (भाग-2) के प्रस्तर 638 (ख) 1 तथा प्रस्तर-648 के प्रावधानों के अंतर्गत कोषागारों द्वारा खंडीय लेखाधिकारियों को प्रत्येक लेखा माह के अनुगामी माह की चार तारीख तक समेकित कोषागार रसीद (सी0टी0आर0) तथा समेकित कोषागार निर्गमन (सी0टी0आई0) उपलब्ध कराया जाना चाहिये तथा वित्तीय हस्त पुस्तिका खंड-5 (भाग-2) के प्रस्तर 650 एवं शासनादेश सं0 ए-2-1967 / दस-ससी-83 / 14(6) / 83, दिनांक 15-07-1983 के प्रावधानों के अनुरूप कोषाधिकारी द्वारा खण्डीय अधिकारियों से उनके समस्त प्रेषणों की मासिक समाधान की व्यवस्था की जानी चाहिये।

इस कार्यालय के अभिलेखानुसार दिनांक 31-03-2026 को प्रेषण शीर्षो के अंतर्गत अवशेष विवरण परिशिष्ट –"2.6" पर संलग्न है।

2.7 मासिक लेखाओं की विलम्ब से प्राप्ति-

प्रत्येक कोषागार अपने मासिक लेखे, उपकोषागारों के लेखे को सम्मिलित करते हुए, दो सूचियों में तैयार कर कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) में प्राप्त कराते है। प्रत्येक माह की 01 तारीख से 10 तारीख तक किये गये सभी भुगतानों की प्रथम सूची सम्बन्धित माह की 13 तारीख तक तथा द्वितीय सूची, जिसमें माह की 11 तारीख से माह के अंतिम कार्य दिवस तक किये गये सभी भुगतान एवं सकल प्राप्ति (कैश एकाउन्ट) सम्मिलित होती है, अगले माह की 5 तारीख तक इस कार्यालय में प्राप्त कराने की तिथि निर्धारित है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में कोषागारों द्वारा मासिक लेखे इस कार्यालय मे 12 दिनों तक विलम्ब से प्राप्त कराये गये। विलंब से प्रेषित लेखे का विवरण परिशिष्ट –"2.7" में अंकित है।



2.8 कर्जो एवं उधारों का लेखाकरण-

सरकार सार्वजनिक तथा अर्द्धसार्वजनिक निकायों को कर्ज तथा उधार देती है विशेष कानूनों के अधीन दिये गये कर्जो और उधारों के मामले में या जिनके सम्बन्ध में सरकार ने कोई सामान्य नियम या आदेश दिये हैं उनको छोड़कर महालेखाकार यह मॉग कर सकता है कि इनको लिये जाने के कारण और शर्ते जिन पर यह दिया जाता है कर्ज या उधार संस्वीकृत करने वाले आदेशों में पूर्ण रूप से बतायी जाय।

भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक के स्थायी आदेशों की पुस्तिका (लेखा एवं हकदारी) खण्ड-1 के अध्याय-6 के अनुसार वर्तमान में विकास तथा अन्य प्रयोजनों के लिये राज्य सरकारों सांविधिक निगमों आदि, सरकारी कम्पनियों, अर्द्धसार्वजनिक निकायों तथा निजी संस्थाओं को मन्जूर किये गये भारी कर्जो के प्रसंग में महालेखाकार का यह महत्वपूर्ण कार्य है कि वह न केवल उन विभिन्न शर्तो जिन पर कर्जे संस्वीकृत किये गये हैं को पूरा करने पर निगरानी रखें, बल्कि यह भी सुनिश्चित करें कि कर्जो का उन्हीं प्रयोजनों तथा उद्देश्यों के लिये उपयोग किया जाता है जिनके लिये वे संस्वीकृत किये गये हैं।

2.8.1 ऋण के चालान प्रपत्र पर पूर्ण विवरण जैसे-एस0एल0आर0 सं0 एवं शासनादेश सं0 आदि को अंकित न किया जाना-

इस कार्यालय में ऋण के लेखे प्राप्त होने के पश्चात् वाउचर पोस्टिंग के समय कम्प्यूटर में ऋण के सापेक्ष एक एस0एल0आर0 नम्बर जनरेट होता है इस कार्यालय द्वारा ऋण का एस0एल0आर0 पृष्ठ संख्या तथा लोन संख्या आवंटित होने के बाद लोन की वापसी की अदायगी को इसी के सापेक्ष सम्बद्ध (link) किया जाता है।

चालान प्रपत्र पर ऋण के मूल धन की वापसी अथवा ब्याज का भुगतान करते समय ऋण का पूर्ण विवरण जैसे शासनादेश संख्या, दिनांक सहित किस्त संख्या इस कार्यालय द्वारा आवंटित लोन पृष्ठ सं0 एवं एस0एल0आर0 सं0 अवश्य अंकित होनी चाहिये। जिससे कि इस कार्यालय के अभिलेख में सही ढंग से पुस्तांकन हो सके, परन्तु कोषागार लेखों में ऋण की अदायगी से सम्बन्धित चालानों पर एस0एल0आर0 संख्या शासनादेश सं0 एवं दिनांक का संदर्भ नहीं दिया जा रहा है। जिनकी सूची परिशिष्ट –"2.8.1" में अंकित है।

2.9 स्तरीकृत नमुनाकरण द्वारा चयन किये गये वाउचरो के परीक्षण में पायी गई कमियॉं-

राजकोष समन्वय के संकलन अनुभागों द्वारा Validation of Vouchers Report के आधार पर वाउचरों की जॉच की गयी विभिन्न कोषागारों से प्राप्त वाउचरों में से चयनित नमूनों के सत्यापन में अनेक प्रकार की विसंगतियाँ पायी गयीं, जिन्हें कुल बारह प्रमुख श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। वर्ष के दोनों अर्द्धांशों की तुलना करने पर यह स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ कि अक्टूबर 2025 से मार्च 2026 के दौरान विसंगतियों की प्रवृत्ति अप्रैल-सितम्बर 2025 की तुलना में उल्लेखनीय रूप से अधिक रही, जो यह इंगित करता है कि वर्ष जैसे-जैसे आगे बढ़ा, डी.डी.ओ. स्तर पर दस्तावेजी अनुशासन में सुधार के स्थान पर शिथिलता आयी।

सर्वाधिक बार दोहरायी गयी विसंगति शासकीय/स्वीकृति आदेश वाउचर के साथ संलग्न न होना रही, जो समस्त श्रेणियों में सबसे प्रमुख बनी रही। इसके पश्चात TA (यात्रा) वाउचर में सहायक अभिलेखों — टिकट, होटल रसीद, स्वीकृति आदेश एवं यात्रा कार्यक्रम — के संलग्न न होने, तथा अन्य वाउचर में मुहर/हस्ताक्षर न होने की विसंगतियाँ प्रमुखता से सामने आयीं। ये

तीन श्रेणियाँ मिलाकर कुल विसंगतियों के एक बड़े भाग की जिम्मेदार रहीं, जो यह दर्शाती हैं कि यह कोई अलग-थलग चूक नहीं बल्कि आहरण-वितरण अधिकारी स्तर पर प्रस्तुतीकरण-पूर्व जाँच की एक प्रणालीगत कमी है।

दूसरी महत्वपूर्ण श्रेणी लेखा वर्गीकरण की त्रुटियों से संबंधित रही: विशिष्ट ऑब्जेक्ट हेड के स्थान पर सामान्य कोड (जैसे 42/43/08/58) का प्रयोग, रिफंड वाउचर में माइनर हेड वर्गीकरण त्रुटि ('900' के स्थान पर '102'/'103'/'800' का प्रयोग), तथा ऐसे मामले जहाँ व्यय को Major Work के स्थान पर Minor Work के अंतर्गत और Capital Head के स्थान पर Revenue Head में दर्ज किया गया। इनका सीधा प्रभाव कोषागार के वित्तीय विवरणों तथा शासकीय लेखों की शुद्धता पर पड़ता है, क्योंकि इनसे व्यय गलत बजट अथवा पूंजीगत/राजस्व मद में दर्ज हो जाता है।

शेष विसंगतियाँ उल्लेखनीय प्रक्रियागत/अनुपालन संबंधी कमियाँ निम्नानुसार रही — चिकित्सा वाउचर में आवश्यक प्रमाण पत्र, कार्यालय आदेश, डाक्टर स्लिप अथवा निर्धारित फॉर्म (C/14/12) का न होना; HBA/MCA शेड्यूल का संलग्न न होना; GST/TDS नंबर का उल्लेख न होना; संबंधित शासकीय/कार्यालय/बजट प्रावधान आदेश का संलग्न न होना; तथा एसी बिल का मार्क न होना। यह स्पष्ट किया जाना आवश्यक है कि उपरोक्त निष्कर्ष कुल प्राप्त वाउचरों के नमूना सत्यापन पर आधारित हैं, अतः ये व्यापक प्रवृत्तियों एवं दोहराव के पैटर्न को इंगित करते हैं।

-*-

भाग- 3

3 कोषागारों/उपकोषागारों के निरीक्षण के दौरान संज्ञान में आयी त्रुटियाँ/कमियाँ

3.1 वर्ष के दौरान निरीक्षित कोषागारों / उपकोषागारों का विवरण-

वित्तीय वर्ष 2025-26 मे प्रदेश के 82 कोषागारों तथा 165 उपकोषागारों का निरीक्षण कराये जाने का कार्यक्रम बनाया गया था। माह अप्रैल-2025 से मार्च-2026 की अवधि मे उक्त सभी कोषागारों / उप कोषागारों का निरीक्षण कार्य पूर्ण कराया गया है। निरीक्षित कोषागारों एवं उप कोषागारों का विवरण परिशिष्ट- "3.1" पर संलग्न है।

3.2 निरीक्षित प्रतिवेदनों के अनिस्तारित प्रतिवेदन एवं प्रस्तर-

कोषागारों एवं उपकोषागारों के निरीक्षण की अवधि में संज्ञान में आयी त्रुटियों/कमियों को प्रस्तर के रूप में अनुपालन किये जाने हेतु सम्बन्धित कोषागारों एवं उपकोषागारों को प्रेषित किया जाता है, तथा प्रथम अनुपालन आख्या कार्यालय महालेखाकार को कृत कार्यवाही के सापेक्ष साक्ष्य अपने उच्चाधिकारियों की टिप्पणी सहित आख्या प्राप्त होने के एक माह के अन्दर प्रेषित करने के लिये कहा जाता है। कोषागारों से सम्बन्धित प्रस्तरों की एक प्रति निदेशक कोषागार- उत्तर प्रदेश, लखनऊ एवं सम्बन्धित मण्डल के अतिरिक्त निदेशक, कोषागार एवं पेंशन तथा उपकोषागारों से संबन्धित प्रस्तरों की एक प्रति मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी एवं सम्बन्धित अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन को इस आशय से प्रेषित की जाती है कि प्रस्तरों पर त्वरित कार्यवाही करायें जिससे की प्रस्तरों का निस्तारण हो सके। वर्ष 2025-26 मे अनेक कोषागारों/उपकोषागारों द्वारा अनुपालन आख्या प्रेषित करने पर रूचि नहीं ली गयी तथा अनुपालन आख्या के साथ पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराये गए हैं जिसके कारण अनिस्तारित प्रस्तरों का निस्तारण किया जाना सम्भव नहीं हो पाता है।
प्रस्तरों के निस्तारण में रूचि न लिये जाने के कारण पॉच वर्ष से अधिक समय से लेकर वर्ष 2025-26 तक के 451 प्रतिवेदनों में कुल 3758 प्रस्तर अनिस्तारित हैं। अनिस्तारित 451 निरीक्षण प्रतिवेदनों में भाग-2 (अ) के 863 प्रस्तर तथा भाग-2(ब) के 2895 प्रस्तर अनुपालन के अभाव में लम्बित हैं जिनका वर्षवार विवरण परिशिष्ट –"3.2 पर उपलब्ध है।

3.3 गबन के प्रकरण

3.3.1 कोषागार चित्रकूट में पेंशन बकाया के अनियमित भुगतान से ₹44.39 करोड़ का गबन

कोषागार निरीक्षण के दौरान चित्रकूट कोषागार मे व्यापक स्तर पर वित्तीय अनियमितता की संभावना को देखते हुए मुख्यालय को सूचित किया गया और सक्षम अधिकारी द्वारा एक विशेष निरीक्षण दल का गठन कर दिनांक 06.10.2025 से 10.10.2025 तक कोषागार चित्रकूट में स्थलीय जांच एवं कार्यालय स्तर पर अभिलेखों की पुनर्समीक्षा की गई। CTS सिस्टम से दिनांक 23.09.2025 को निर्गत रिपोर्ट के अनुसार कोषागार चित्रकूट के अंतर्गत कुल 5,008 पेंशनर पंजीकृत थे, जिनमें से सर्वाधिक संख्या तीन श्रेणियों – E-01 (शिक्षा पेंशन, इंटरमीडिएट कॉलेज), E-11 (शिक्षा पेंशन, बेसिक शिक्षा परिषद) एवं C-01 (सिविल पेंशन, राज्य) – के अंतर्गत कुल 4,589 पेंशनरों की थी। इन्हीं तीन श्रेणियों के Cumulative Pension Payment Statement (CPPS) के आधार पर लगभग 7,33,028 भुगतानों का विश्लेषण किया गया, जिसमें मुख्य रूप से पेंशन बकाया (Arrear) भुगतानों को चिन्हित किया गया। समय-सीमा एवं अभिलेखों की अधिकता को देखते हुए नमूना चयन (sampling) की पद्धति अपनाई गई – ₹10 लाख से अधिक के समेकित एरियर भुगतान वाले 96 प्रकरण तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के ₹10 लाख से कम के एरियर भुगतान वाले 23 प्रकरण, इस प्रकार कुल 119 प्रकरण चुने गए। पेंशनरों के उपलब्ध डाटा के विस्तृत विश्लेषण एवं पत्रावलियों की जांच में 96 प्रकरणों में अनधिकृत भुगतान पाए गए।
जांच में यह स्पष्ट हुआ कि कोषागार चित्रकूट द्वारा कुल ₹44,39,43,756 (लगभग ₹44.39 करोड़) का भुगतान 93 प्रकरणों में बिना किसी प्राधिकार पत्र, स्वीकृति आदेश, हस्ताक्षरित गणना पत्रक, भुगतान आदेश अथवा आंतरिक नोटिंग के किया गया, जो पत्रावलियों में पूर्णतः अनुपलब्ध थे। श्रेणीवार विवरण इस प्रकार है –

- मृत पेंशनरों को किए गए अनधिकृत भुगतान के 7 प्रकरणों में ₹15,30,63,408 की हानि हुई, जिनमें 5 प्रकरणों में मृत्यु प्रमाण पत्र पत्रावली में उपलब्ध होने के बावजूद CTS प्रणाली के माध्यम से भुगतान निरंतर किया जाता रहा, जबकि 2 अन्य प्रकरणों (इंडेक्स 3464 एवं 3224) में मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध न होते हुए भी जीवन प्रमाण पत्र के अभाव तथा CTS में पेंशन "Deleted" मार्क होने के आधार पर उन्हें "मृतक समान" श्रेणी में रखा गया। इसी क्रम में

इंडेक्स संख्या 2531 के PPO में दर्ज मूल पेंशनर "गिरजेश कुमारी" का नाम बिना किसी प्रमाणिक अभिलेख अथवा स्वीकृति आदेश के बदलकर "राजेंद्र कुमार" कर दिया गया, जो डाटा में जानबूझकर हेरफेर एवं संभावित संस्थागत संलिप्तता की ओर संकेत करता है।

- इसके अतिरिक्त 79 प्रकरणों में ₹25,80,69,699 का भुगतान बकाया पेंशन (Arrear) के रूप में बिना किसी समर्थक अभिलेख के किया गया; इन्हीं में सम्मिलित 15 पेंशनरों को ₹98,42,919 का उपादान भुगतान बिना प्राधिकार पत्र एवं अभिलेख के किया गया।
- 07 प्रकरणों में अद्यतन जीवन प्रमाण पत्र के अभाव में ₹2,29,67,730 का भुगतान (जिसमें ₹1,60,39,281 एरियर तथा ₹69,28,449 अन्य नियमित/उपादान भुगतान सम्मिलित है) किया गया।

विवरण परिशिष्ट -"3.3.1"

निरीक्षण दल ने इन व्यापक अनियमितताओं के मूल कारणों की गहन समीक्षा कर उन्हें चार प्रमुख श्रेणियों में वर्गीकृत किया।

- ✓ प्रथम श्रेणी में प्रक्रियागत, अभिलेखीय एवं आंतरिक नियंत्रण की कमियां सम्मिलित हैं, जिनमें बिना वैध भुगतान आदेश/स्वीकृति आदेश के बकाया पेंशन एवं उपादान भुगतान, अधिकांश प्रकरणों में मेकर-चेकर-अप्रूवर (पटल सहायक, सहायक कोषाधिकारी, वरिष्ठ/मुख्य कोषाधिकारी) के हस्ताक्षर-रहित गणना पत्रक अथवा उनका पत्रावली में सिरे से अनुपलब्ध होना, मृत्यु सूचना पत्रावली में संलग्न होने के बावजूद निरंतर भुगतान, तथा उपरोक्त फर्जी नाम परिवर्तन जैसे मामले शामिल हैं।
- ✓ द्वितीय श्रेणी में CTS प्रणाली के पेंशन मॉड्यूल की तकनीकी खामियां आती हैं – जैसे "Drawn" कॉलम में पहले से आहरित राशि को पुनः मैनुअल रूप से दर्ज करने की अनुमति होना, किसी अवधि का एरियर दोबारा चयनित किए जाने पर सिस्टम द्वारा कोई स्वचालित चेतावनी न दिया जाना, मेकर से लेकर वरिष्ठ कोषाधिकारी तक End-to-End अनुमोदन प्रक्रिया का अभाव, भुगतान के समय संबंधित शासनादेश/स्वीकृति आदेश को ऑनलाइन दर्ज करने का कोई प्रावधान न होना, बैंक खाता संख्या एवं नाम का NPCI या अन्य प्रणाली से सत्यापन न होना, लॉगिन एवं भुगतान अनुमोदन में 2FA/OTP/DSC जैसी सुरक्षा का अभाव, डाटाबेस में किए गए परिवर्तनों के पूर्व एवं परिवर्तित दोनों संस्करण अप्रूवर की स्क्रीन पर प्रदर्शित न होना, तथा किसी भी डाटा परिवर्तन का ऑडिट ट्रेल कोषागार स्तर पर उपलब्ध न होना।
- ✓ तृतीय श्रेणी में जीवन प्रमाण पत्रों को बिना बायोमेट्रिक सत्यापन के भौतिक रूप से स्वीकार किया जाना शामिल है – जांचे गए प्रकरणों में मात्र लगभग 1% पेंशनरों का ही बायोमेट्रिक जीवन प्रमाणीकरण पाया गया, जिसके कारण फर्जी एवं वास्तविक पेंशनरों में अंतर करना असंभव हो गया।
- ✓ चतुर्थ श्रेणी में पेंशन पत्रावलियों के प्रबंधन का पूर्ण अभाव आता है – किसी भी पत्रावली में न आंतरिक नोटिंग थी, न पृष्ठ क्रमांकन, न भुगतान आदेशों के विरुद्ध गणना पत्रक संलग्न था, न वर्ष भर के भुगतानों की समेकित सूची उपलब्ध थी, तथा जिन प्रकरणों में बैंकों को वसूली हेतु पत्र लिखा गया वहां भी धनराशि के शासकीय खाते में वापस जमा होने का कोई अभिलेखीय प्रमाण नहीं मिला।

निष्कर्ष रूप में, प्रारंभिक आकलन के अनुसार कोषागार चित्रकूट द्वारा बिना किसी प्राधिकृत अभिलेख अथवा आदेश के लगभग ₹44.39 करोड़ का भुगतान किया गया, जिससे न केवल शासकीय धन की गंभीर हानि हुई बल्कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी नियमों एवं आदेशों की व्यापक स्तर पर अवहेलना भी हुई, जो पेंशन भुगतान प्रणाली में प्रक्रियाओं एवं आंतरिक नियंत्रण की गंभीर विफलता को दर्शाती है। कोषागार चित्रकूट द्वारा इन अनियमित भुगतानों को प्रथम दृष्टया सही माना गया।

3.3.2 कोषागार मथुरा मे 6 पेंशनरों के सापेक्ष एक ही बैंक खाते में पेंशन भुगतान से ₹1.62 करोड़ का गबन

कोषागार मथुरा में 6 भिन्न-भिन्न पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों के भुगतान एक ही बैंक खाता संख्या "39318865616" में किए जाने का प्रकरण संज्ञान में आने पर विशेष निरीक्षण दल गठित कर कोषागार मथुरा की जांच कराई गई। जांच में कोषागार इंडेक्स संख्या 37, 682, 854, 1026, 1465 एवं 1517 से संबंधित पेंशन प्रकरणों की मूल पत्रावलियों, CTS/CPPS विवरण एवं बैंक स्टेटमेंट के अवलोकन से यह स्पष्ट हुआ कि इन सभी प्रकरणों में वित्तीय हस्तपुस्तिका खंड-5, भाग-2 के प्रस्तर 518, 521 एवं 526 के प्रावधानों के विपरीत बिना वैध जीवन प्रमाण पत्र के/मृत्यु के उपरांत भी पेंशन भुगतान किया जा रहा था; कई मामलों में जीवन प्रमाण पत्र या तो अनुपलब्ध थे अथवा उनमें कटिंग, ओवर-राइटिंग एवं तिथि परिवर्तन जैसे दोष पाए गए, जिससे उनकी प्रामाणिकता संदिग्ध हो गई।

जांच में यह भी उजागर हुआ कि सातवें वेतन आयोग के अंतर्गत जारी संशोधित PPO में निर्धारित दरों के विपरीत, बिना सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के CTS/Pension Master में पेंशन की मूल राशि में अत्यधिक वृद्धि कर दीर्घ अवधि तक भुगतान किया गया – जैसे इंडेक्स संख्या 37 में साधारण दर ₹9,690 प्रतिमाह के स्थान पर अक्टूबर 2021 से ₹54,600 प्रतिमाह की दर से भुगतान किया जाता रहा। इसके अतिरिक्त एक प्रकरण (इंडेक्स 1026) में मृत्यु के उपरांत भी CTS में मृत्यु विवरण अद्यतन किए बिना तीन वर्ष बाद पेंशन पुनः प्रारंभ कर दी गई, तथा इंडेक्स 682 की मूल पत्रावली कोषागार स्तर पर उपलब्ध ही नहीं पाई गई। इन 6 प्रकरणों में CTS अभिलेखानुसार दिसंबर 2025 तक कुल ₹2,58,45,206 का भुगतान हुआ, जो जीवन प्रमाण पत्रों के अभाव, कूटरचना एवं एक ही संदिग्ध बैंक खाते में अंतरण के कारण पूर्णतः अनियमित भुगतान की श्रेणी में आता है।

क्रम	इंडेक्स/ PPO सं.	पेंशनर / पारिवारिक पेंशनर	कुल भुगतान (₹) (Dec-2025 तक)	अन्य प्रमुख अनियमितता
1	37	स्व. छगन लाल गुप्ता / सरोज देवी	58,03,459	अवैध Life Certificate, मूल पेंशन की दर बार बार बढ़ाया जाना
2	682	स्व. आर.एन. शर्मा / द्रोपदी देवी	48,16,689	मूल पत्रावली अनुपलब्ध, मूल पेंशन की दर बार बार बढ़ाया जाना
3	854	स्व. विनोद भास्कर गौड़ / कमलेश गौड़	49,15,230	अवैध Life Certificate, मूल पेंशन की दर बार बार बढ़ाया जाना
4	1026	स्व. दीन दयाल शर्मा	14,80,970	मृत्यु उपरांत भुगतान, अनधिकृत रूप से पुनः प्रारंभ, मूल पेंशन की दर बार बार बढ़ाया जाना
5	1465	भूदेव प्रसाद वर्मा / कलावती	36,01,833	कूटरचित Life Certificate, मूल पेंशन की दर बार बार बढ़ाया जाना
6	1517	स्व. लक्ष्मीकांत / कृष्णा देवी	52,27,025	Life Certificate में ओवरराइटिंग, मूल पेंशन की दर बार बार बढ़ाया जाना
		योग	**2,58,45,206**	**सभी में बैंक खाता सं. 39318865616 समान**

इकाई द्वारा यह स्वीकार किया गया है कि सभी प्रकरणों में पेंशन एक ही बैंक खाता संख्या में अंतरित हो रही थी इकाई द्वारा धनराशि ₹1,62,34,328 प्रथम दृष्टया अनधिकृत भुगतान किया जाना स्वीकार किया गया है। तथापि विस्तृत एवं समेकित रिपोर्ट अभी तक प्रेषित नहीं की गई है।

3.3.3 वेतन बकाये के अनियमित आहरण से ₹10,96,500 का गबन एवं अन्य वित्तीय अनियमितताएं

वित्तीय हस्त-पुस्तिका, खंड-5, भाग-1 के प्रस्तर 141(1) में स्पष्ट प्रावधान है कि वेतन, नियत भत्तों अथवा अवकाश वेतन के बकाये का आहरण सामान्य मासिक वेतन बिल में सम्मिलित करके नहीं, बल्कि एक पृथक एरियर बिल के माध्यम से किया जाना चाहिए, जिसमें प्रत्येक माह का एरियर अलग-अलग दर्शाते हुए आहरण अधिकारी द्वारा निर्धारित प्रमाण-पत्र भी अंकित किए जाने अनिवार्य हैं, ताकि एरियर के पुनः आहरण की संभावना न रहे।

कोषागार मेरठ के लेखा परीक्षण में यह पाया गया कि इस प्रावधान का अनुपालन नहीं किया जा रहा था और डी.डी.ओ. कोड 2544 से संबंधित वेतन बिलों में स्पेशल पे, एड. पे एवं विभिन्न एरियर के रूप में अनियमित भुगतान सामान्य मासिक बिल के साथ ही किए जा रहे थे। सबसे गंभीर प्रकरण कांस्टेबल आशीष कुमार (Employee Code 110184393666) का रहा, जिसे जुलाई से नवंबर 2025 के मध्य स्पेशल पे एवं एरियर के नाम पर कुल ₹10,96,500 का अनियमित भुगतान कर दिया गया; इस पर सेनानायक, 6वीं वाहिनी पी.ए.सी. मेरठ द्वारा संबंधित उपनिरीक्षक (लेखा) एवं आरक्षी को निलंबित कर उनके विरुद्ध थाना पल्लवपुरम में मुकदमा दर्ज कराया गया तथा गबन की राशि चालान के माध्यम से राजकोष में वापस जमा कराई गई।

एक अन्य पृथक परीक्षण में कोषागार लखनऊ कलेक्ट्रेट के निरीक्षण के दौरान कोषागार निदेशालय से प्राप्त वेतन डाटा के विश्लेषण से यह पाया गया कि IFMS के वेतन बिल जनरेशन इंटरफेस में सामान्य मासिक वेतन के साथ ही एरियर सम्मिलित

करने की व्यवस्था उपलब्ध होने के कारण अनेक कर्मचारियों के वेतन डाटा में Personal Pay, Additional Pay एवं Special Pay से संबंधित फील्ड्स में ₹99,000 एवं ₹99,500 जैसी असामान्य रूप से उच्च व समान राशियां बार-बार दर्ज पाई गईं, जो प्रणाली-स्तरीय जांच एवं वैधीकरण के अभाव को दर्शाती हैं।

उपर्युक्त दोनों प्रकरणों से स्पष्ट है कि कोषागार स्तर पर देयकों को पारित करने से पूर्व समुचित सत्यापन की प्रक्रिया प्रभावी रूप से लागू नहीं है, और डी.डी.ओ. पोर्टल एवं IFMS प्रणाली में ऐसी संरचनात्मक कमजोरियां विद्यमान हैं जिनके कारण एरियर एवं विशेष भत्तों की मदों में मनमाने ढंग से राशि दर्ज किए जाने की गुंजाइश बनी रहती है। इससे न केवल राजकोष को प्रत्यक्ष वित्तीय क्षति (जैसा ₹10,96,500 के गबन के प्रकरण में हुआ) पहुंचने की आशंका बनी रहती है, बल्कि नियमित निगरानी तंत्र की अपर्याप्तता भी उजागर होती है। विवरण परिशिष्ट -"3.3.3"

इसी प्रकार कोषागार निरीक्षण में अन्य विसंगतियां भी संज्ञान में आईं – कई कर्मचारियों को बीते कई महीनों से बिना किसी औचित्य के एडिशनल पे एवं एरियर के रूप में नियमित भुगतान होना; वेतन मेट्रिक्स लेवल के सापेक्ष अनुमन्य मकान किराया भत्ते से अधिक राशि का भुगतान कई कर्मियों को किया जाना, अनुमान्य सीमा से अधिक की राशि / अयोग्य कर्मचारियों को प्रैक्टिस बंदी भत्ता (NPA) भुगतान किया जाना।

जिन कोषागारों मे विसंगतिया दृष्टिगोचर हुयी उनका विवरण निमन्वत है।

1	Lucknow Collectorate	8	Ballia
2	Raebareilly	9	Irla Cheque
3	Mau	10	Vidhan Sabha
4	Sambhal	11	Vidhan Parishad
5	Badaun	12	Rampur
6	Agra	13	Jp Nagar (Amroha)
7	Unnao	14	Meerut

3.4 नवीन पेंशन योजना की धनराशि के प्रेषण में विसंगतियाँ-

3.4.1 PRAN आवंटन के पश्चात भी NPS अंशदान की कटौती न किया जाना-

उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश संख्या सा-3-379/दस-2005-301(9)-2003 दिनांक 28-03-2005 के अनुसार राज्य सरकारी सेवा में और राज्य नियंत्रणाधीन समस्त स्वायत्तशासी संस्थाओं / राज्य सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं में समस्त नई भर्तियों पर 1 अप्रैल, 2005 से NPS अनिवार्य रूप से लागू होगा। शासनादेश संख्या सा-3-1067/दस-2011-301(9)/2011 दिनांक 15-09-2011 के अनुसार किसी माह में खोले गये नये PRAN की संख्या की आहरण वितरण अधिकारीवार सूची तैयार कर कोषागारों द्वारा अगले माह की दसवीं तारीख तक निदेशक, पेंशन को भेज दी जायेगी।

निरीक्षण के दौरान नमूना जॉच में पाया गया कि 15 कोषागारों के 2892 कार्मिकों को प्रान आवंटन के पश्चात् भी अंशदानों की कटौती नहीं की जा रही है। परिशिष्ट -"3.4.1"

3.4.2 डी0सी0आई0 की धनराशि का अन्तरण न किया जाना-

उत्तर प्रदेश शासन वित्त (सामान्य) अनुभाग-3 संख्या सा -3-486/दस-2013-301(9)-11 दिनांक 15-05-2013 द्वारा निर्देशित किया गया था कि जिन कार्मिकों का पंजीकरण (PRAN आवंटन) पूर्ण हो चुका है एंव जिनके लेखें में प्रथम दृष्टया कोई त्रुटि प्रतीत नही हो रही है, की पूर्व में की गई कटौतियों तथा नियोक्ता अंशदान से सम्बन्धित समस्त धनराशि का अन्तरण ट्रस्टी बैंक को तत्काल कर दिया जाये। ऐसे प्रकरण जिनका अंतरण त्रुटि पूर्ण होने के कारण नही किया जा सका है के संबंध में संबंधित आहरण वितरण अधिकारी कोषागार से आँकड़ों का मिलान कर कर्मचारी अंशदान एवं राज्य सरकार के अंशदान की राशि की पुष्टि करायेंगे जिसकी सूचना संबंधित मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी द्वारा निदेशक पेंशन को अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु प्रेषित की जायेगी। आहरण-वितरण अधिकारीगण एवं मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी गण आवश्यक कार्यवाही प्रत्येक दशा में एक माह के अन्दर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उपर्युक्तानुसार आंकड़ों का मिलान हो जाने पर संबंधित आहरण-वितरण अधिकारी मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी के माध्यम से निदेशक पेंशन को अभिप्रमाणित सूचना प्रेषित करेंगे। सूचना प्राप्त हो जाने पर निदेशक पेंशन द्वारा धनराशि का अन्तरण किया जायेगा।

निरीक्षण के दौरान नमूना जाँच में यह प्रकाश में आया कि 18 कोषागारों द्वारा 289 प्रकरणों मे कटौतियाँ एवं नियोक्ता अंशदान से सम्बन्धित समस्त धनराशि का अन्तरण ट्रस्टी बैंक को नहीं किया गया। परिशिष्ट -"3.4.2"

3.4.3 17447 कर्मचारियों का PRAN आवंटन न किया जाना-

उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश संख्या सा-3-379/दस-2005-301(9)-2003 दिनांक 28-03-2005 के अनुसार राज्य सरकारी सेवा में और राज्य नियंत्रणाधीन समस्त स्वायत्तशासी संस्थाओं / राज्य सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं में समस्त नई भर्तियों पर 1 अप्रैल, 2005 से NPS अनिवार्य रूप से लागू होगा। शासनादेश संख्या सा-3-1067/दस-2011-301(9)/2011 दिनांक 15-09-2011 के अनुसार किसी माह में खोले गये नये PRAN की आहरण वितरण अधिकारीवार सूची तैयार कर कोषागारों द्वारा अगले माह की दसवीं तारीख तक निदेशक, पेंशन को भेज दी जायेगी।
निरीक्षण के दौरान नमूना जॉच में पाया गया कि 46 कोषागारों द्वारा 17447 कार्मिकों का प्रान (Permanent Retirement Account Number) आवंटन नहीं किया गया। जिसके कारण अंशदान की कटौती नहीं हो पा रही थी, और कर्मचारी उक्त योजना के लाभ से वंचित रहे। परिशिष्ट -"3.4.3"

3.5 व्यपगत जमा का विवरण प्रेषित न किया जाना-

वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड-5 भाग-1 के प्रस्तर-351 – 351A के अनुसार जमाशीर्षक के अन्दर जमा ऐसी धनराशियाँ जो तीन वर्ष से अधिक अवधि से जमा है, को शासन के पक्ष में व्यपगत करते हुए व्यपगत विवरण महालेखाकार को वांछित समायोजन हेतु अप्रैल के प्रथम सप्ताह में प्रेषित कर दिया जाना चाहिये।
निरीक्षण के दौरान नमूना जॉच में यह प्रकाश में आया कि 09 कोषागारों द्वारा व्यपगत जमा के विवरण महालेखाकार को प्रेषित नहीं किया गया। परिशिष्ट -"3.5"

3.6 उचित जांच के अभाव में पेंशन लाभ का अनियमित भुगतान-

3.6.1 237 पेंशनरों से आयकर की स्रोत से नियमित कटौती न किया जाना-

आयकर अधिनियम 1961 के अनुभाग 192 के अनुसार कर्मचारियों/पेन्शनरों के वेतन/पेन्शन से अनुपातिक औसत कटौती माहवार की जानी चाहिए। निरीक्षण के दौरान नमूना जॉच में यह तथ्य प्रकाश में आया कि 42 कोषागारों में 237 पेंशनरों से जो आयकर की सीमा के अन्तर्गत आते है लेकिन उनके आयकर की स्रोत पर माहवार औसत कटौती नहीं की गयी जबकि आनुपातिक औसत कटौती माहवार की जानी चाहिये। परिशिष्ट –"3.6.1"

3.6.2 929 पेंशनर / पारिवारिक पेंशनरों की मृत्यु के बाद प्रेषित ₹ 4.91 करोड़ पेंशन राशि का ब्याज सहित बैंको से प्राप्त कर शासकीय लेखे में जमा न किया जाना-

वित्तीय हस्तपुस्तिका खंड-5 भाग 2 के परिशिष्ठ XXVII के बिन्दु संख्या 17 एवं शासनादेश सं0 ए-1-295/ दस-2009-10(2)/2009 दिनांक 24-11-2009 के अनुसार यदि पेंशनर / पारिवारिक पेंशनरों की मृत्यु के पश्चात् बैकों को पेंशन प्रेषित की गई हो तो उसकी वसूली अर्जित ब्याज सहित बैकों से कोषागार द्वारा प्राप्त कर शीघ्रतिशीघ्र चालान द्वारा सुसंगत लेखाशीर्ष में जमा करा दिया जाना चाहिये।
निरीक्षण के दौरान नमूना जॉच में पाया गया कि 72 कोषागारों मे 929 प्रकरणों में अवितरित पेंशन राशि ₹ 49051103 सम्बन्धित बैंकों से वापस लिया जाना शेष है। वापस न लिये जाने के कारण एक बड़ी शासकीय धनराशि अवरूद्ध हो गयी है। परिशिष्ट –"3.6.2"

3.6.3 पेंशनर की मृत्यु के 7 वर्ष अथवा 10 वर्ष से अधिक समय तक बढ़ी हुयी दर पर पारिवारिक पेंशन का भुगतान किए जाने के कारण धनराशि 2.03 करोड़ रुपये की शासकीय धन की क्षति होना।

शासनादेश संख्या 8-सा-3-533/दस-2014-308-97 टी0सी0 दिनांक 04-aug-2014 के अनुसार ऐसे सरकारी सेवक जिनकी सेवाकाल में मृत्यु हो जाती है, के परिवार को मृत्यु की तारीख से 10 वर्ष की अवधि तक बढ़ी हुई दरों पर पारिवारिक पेंशन अनुमन्य होगी, तथा इस हेतु कोई अधिकतम आयु सीमा नहीं होगी। यह व्यवस्था दिनांक 1 जनवरी, 2006 के पूर्व दिवंगत होने वाले कर्मचारियों के मामले में भी लागू होगी बशर्ते दिनांक 1 जनवरी, 2006 को सामान्य दरों पर पारिवारिक पेंशन

प्रारम्भ न हो चुकी हो। पेंशनर की मृत्यु की दशा में बढ़ी हुई दरों पर पारिवारिक पेंशन का लाभ दिवंगत पेंशनर की मृत्यु की तिथि से 7 वर्ष अथवा पेंशनर की आयु 67 वर्ष होने, जो भी पहले हो, तक अनुमन्य होगा।
निरीक्षण के दौरान नमूना जाँच में पाया गया कि 12 कोषागारों मे 99 पेंशनरों के सापेक्ष उक्त शासनादेश का उल्लंघन करते हुये निर्धारित समयावधि से अधिक समय तक बढ़ी हुयी दर पर पारिवारिक पेंशन का भुगतान किया गया है जिस कारण से रुपये 20284305 के शासकीय धन की क्षति हुयी।

विवरण परिशिष्ट –"3.6.3"

3.6.4 7वें वेतन आयोग अनुसार पुनरीक्षित पेंशन पर 6वें/5वें वेतन आयोग की दर से महँगाई राहत का भुगतान किये जाने से ₹21,70,174/- का अधिक भुगतान किया जाना।

कोषागार अभिलेखों एवं पेंशन भुगतान विवरणों के परीक्षण के दौरान यह पाया गया कि 3 कोषागारों में 3 पेंशनरों की पेंशन 7वें वेतन आयोग के अनुसार पुनरीक्षित की जा चुकी थी, परंतु देय महँगाई राहत (Dearness Relief) की दर के स्थान पर 6वें/5वें वेतन आयोग के अनुसार लागू उच्चतर दर से महँगाई राहत का भुगतान किया गया। जिस कारण से रुपये 2170174 का अधिक भुगतान किया गया, जो वित्तीय नियमों एवं शासनादेशों के अनुरूप नहीं है।

परिशिष्ट –"3.6.4"

3.6.5 मूल पेंशनर की मृत्यु के पश्चात पारिवारिक पेंशन के स्थान पर सेवानिवृत्तिक पेंशन का भुगतान किए जाने के फलस्वरूप रुपये ₹ 46.47 लाख का अधिक भुगतान किया जाना।

कोषागार के पेंशन पत्रवालियों के नमूना जांच मे पाया गया कि 3 कोषागारों में 9 प्रकरणों मे मूल पेंशनर कि मृत्यु के पश्चात भी पारिवारिक पेंशन के स्थान पर सेवा निवृत्तिक पेंशन का भुगतान किया जा रहा है, जिस कारण रुपये 4647318 का अधिक भुगतान किया गया है।

परिशिष्ट –"3.6.5"

3.6.6 त्रुटिपूर्ण पीपीओ जारी किए जाने के कारण रु० 1025459/- का अधिक भुगतान किया जाना।

उत्तर प्रदेश पेंशन नियमावली 1965 एवं अन्य शासनादेशों के अनुसार किसी भी कर्मचारी के अंतिम आहारित वेतन के 50% दर पर पेंशन एवं 30% की दर पर पारिवारिक पेंशन स्वीकृत की जाती है।
कोषागार लखनऊ कलेक्ट्रेट के पेंशन पत्रवालियों के परीक्षण मे ज्ञात हुया कि कोषागार इंडेक्स संख्या BSA 33/02 कर्मचारी स्व0 शिरीष तिवारी कि मृत्यु दिनांक 04-12-2010 के बाद पारिवारिक पेंशन श्रीमति सीमा तिवारी को जारी की गयी है। मृत्यु के समय कर्मचारी की मूल वेतन 12890 रुपये दर्ज किया गया है जिसके अनुसार पारिवारिक पेंशन बढ़ी हुयी दर पर दिनांक 04-12-2020 तक 12890/2=6445 तथा उसके पश्चात 3867 (6th वेतन आयोग) दी जानी चाहिए। परंतु श्रीमति सीमा तिवारी को पेंशन रुपये 7335 दर पर जारी की गयी है। श्रीमति सीमा तिवारी को दिनांक 31-01-2026 तक कोषागार द्वारा कुल धनराशि 3005887.00 रुपये का पेंशन भुगतान किया गया है। इस प्रकार गणना करने पर श्रीमति सीमा तिवारी को 1025459 का अधिक भुगतान किया गया है।

3.6.7 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित को सही दर से पेंशन का भुगतान न करते हुए रुपये 1,14,047/- का अधिक भुगतान किया जाना।

उत्तर प्रदेश राज्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके आश्रितों को उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्या-02/ 2018/ 170जेड/6-सा-3-2018-50(विविध)/ 2017 दिनांक 19 जनवरी, 2018 द्वारा राज्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके आश्रितों को दी जाने वाली पेंशन में रुपये 5000/- की बृद्धि की गयी गयी थी।

कोषागार हरदोई के निरीक्षण के दौरान अवलोकित हुआ कि राज्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित श्रीमती इन्द्र वासा को उक्त शासनादेश द्वारा नियत धनराशि से अधिक रुपये 114047 का भुगतान किया गया है।

3.6.8 पुत्र को पारिवारिक पेंशन हेतु निर्धारित आयु 25 वर्ष से अधिक समय तक पेंशन भुगतान किए जाने के कारण धनराशि 1234805 का अधिक भुगतान किया जाना।

समय समय पर जारी विभिन्न शासनादेशों मे स्पष्ट निर्देश जारी किए जाए हैं कि अविवाहित आश्रित पुत्र के मामले मे पारिवारिक पेंशन पुत्र कि आयु 25 वर्ष होने तक देय रहेगी।

कोषागार अलीगढ़ के नमूना जांच मे पाया गया कि डाक्टर अतिया खातून के पेंशन के संबंध मे संशोधित ppo संख्या – पी/अ0नि0को0/m.i.-006/004/ 024851 दिनांक 29-02-2020 के माध्यम से दिनांक 01-oct-2014 से rs 12472 एवं पुनरीक्षण (7th pay) आदेश दिनांक 29/02/2020 से rs 32960 तक निर्धारित की गयी। बढ़ी हुयी दर पर पारिवारिक पेंशन का भुगतान दिनांक 09/09/2021 तक किया जाना था। साधारण दर पर पारिवारिक पेंशन का भुगतान rs 24720 निर्धारित की गयी थी।

डाक्टर अतिया खातून की मृत्यु दिनांक 14-oct-2019 को हो गयी थी, जिस कारण से उक्त समस्त पेंशन का भुगतान उनके वारिस पुत्र श्री अकरम खान (जन्मतिथि – 05-09-1997) को उसकी आयु 25 वर्ष होने तक किया जाना था।

प्रकरण मे पेंशनर के form-8 एवं cumulative pension payment के अवलोकन मे पाया गया कि श्री अकरम को दिनांक 05-09-2022 को उनकी आयु 25 वर्ष पूरे के बाद भी दिनांक 06-09-2022 से 31-मार्च-2025 तक अनियमित पेंशन का भुगतान किया गया है, एवं श्री अकरम को पेंशन अवधि 09-09-2021 से 04-sep-2022 तक बड़ी हुयी दर पर अधिक भुगतान किया गया है।

पेंशनर को जारी किए गए अंतिम संशोधित / पुनरीक्षित पीपीओ के आधार पर गणना करने पर कुल पेंशन देयता रुपये 3807925.00 की बनती है, परंतु भुगतान विवरण के अनुसार श्री अकरम को कुल नेट भुगतान रुपये 5042730.00 का किया गया है। इस प्रकार श्री अकरम को धनराशि 1234805.00 का अधिक भुगतान किया है।

3.7 पेंशन सम्बन्धी अन्य अनियमितताएँ-

3.7.1 नियत समय में 153 पेंशनरों का प्रथम पेंशन का भुगतान प्रारम्भ न किया जाना-

उत्तर प्रदेश शासन वित्त (सामान्य) अनुभाग -3 द्वारा निर्गत अधिसूचना उत्तर प्रदेश पेंशन के मामलों का (प्रस्तुतीकरण, निस्तारण और विलंब का परिमार्जन) नियमावली 1995 के अनुसूची मे दिये गए बिन्दु 16 के अनुसार कोषागार द्वारा प्रथम पेंशन का भुगतान आदेश प्राप्ति से एक माह के अन्दर प्रारम्भ कर दिया जाना चाहिये।

निरीक्षण के दौरान नमूना जाँच में आया कि 32 कोषागारों में 153 पेंशनरों का भुगतान निर्धारित समय सीमा (एक माह) के अन्दर आरम्भ नहीं किया गया था। परिशिष्ट –"3.7.1"

3.7.2 80 वर्ष से अधिक आयु के 2425 पेंशनरों को अतिरिक्त पेंशन का भुगतान न किया जाना-

उत्तर प्रदेश शासन के वित्त (सामान्य) अनुभाग-3 के शासनादेश संख्या-सा-38/2016-सा-3-921 /दस-2016 /308/2016, दिनांक 23-12-2016 के (दिनांक 01-01-2016 को अथवा उसके उपरांत सेवानिवृत्त / दिवंगत प्रकरणों मे लागू) तथा शासनादेश संख्या-सा-39/2016-सा-3-923 /दस-2016 /308/2016, दिनांक 23-12-2016 दिनांक 01-01-2016 (दिनांक 01-01-2016 के पूर्व सेवानिवृत्त / दिवंगत प्रकरणों मे लागू) से पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर को उनकी आयु के अनुसार पेंशन की अतिरिक्त धनराशि का भुगतान निम्नलिखित दरों के आधार पर करने के आदेश निर्गत किए गए हैं-

पेंशनर की आयु	पेंशन की अतिरिक्त धनराशि
80 वर्ष, परन्तु 85 वर्ष से कम	मूल पेंशन का 20 प्रतिशत
85 वर्ष, परन्तु 90 वर्ष से कम	मूल पेंशन का 30 प्रतिशत
90 वर्ष, परन्तु 95 वर्ष से कम	मूल पेंशन का 40 प्रतिशत
95 वर्ष, परन्तु 100 वर्ष से कम	मूल पेंशन का 50 प्रतिशत
100 वर्ष, या उससे अधिक	मूल पेंशन का 100 प्रतिशत

निरीक्षण के दौरान नमूना जाँच में यह पाया गया कि 45 कोषागारों में 80 वर्ष या उससे ऊपर की आयु वाले 2425 पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों को अतिरिक्त पेंशन का भुगतान नहीं किया जा रहा है। परिशिष्ट –"3.7.2"

3.7.3 पेंशन प्रकरणों में जीवित, रोजगार, विवाह सम्बन्धित प्रमाण पत्र संलग्न नही होना-

वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड-5 भाग-2 के प्रस्तर-510ए 521 एवं 526 के अनुसार क्रमशः जीवित रहने सम्बन्धी प्रमाण पत्र प्रपत्र-8(i) पर रोजगार रहित रहने का प्रमाण पत्र-8 (ii) महिला पेंशनरों के प्रकरण में प्रपत्र-8(iii) पर विवाह करने सम्बन्धी प्रमाण पत्र प्रत्येक वर्ष नवम्बर माह में प्राप्त होने के उपरान्त ही नियमानुसार पेंशनरों का भुगतान किया जाना चाहिये तथा सम्बन्धित के पेंशन पत्रावली में संलग्न किया जाना चाहिये साथ ही पत्रावलियों में आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं पेंशन भुगतान का वार्षिक विवरण संलग्न किया जाना चाहिये। निरीक्षण के दौरान नमूना जाँच में पाया गया कि 57 कोषागारों में पेंशनरों की पत्रावलियों में जीवन प्रमाण पत्र आदि नहीं लगाया गया है। परिशिष्ट –"3.7.3"

3.7.4 329 पेंशनरों को मँहगाई राहत का भुगतान नही किया जाना-

पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनरों को समय समय पर अनुमन्य महँगाई राहत देय होती है। इसके अतिरिक्त उ0प्र0 सरकार के शासनादेश सं0 7/2016-सा-3-180/दस-2016-308-06/2016 दिनांक 17-03-2016 के अनुसार सेवायोजित पारिवारिक पेंशनरों को भी समय समय पर निर्धारित दर से मँहगाई राहत देय है।

निरीक्षण के दौरान नमूना जाँच में पाया गया कि 40 कोषागारों में 329 पेंशनरों को निर्धारित दर से मंहगाई राहत का भुगतान नहीं किया जा रहा है। परिशिष्ट –"3.7.4"

3.7.5 127 पेंशनरों को निर्धारित न्यूनतम पेंशन से कम पेंशन का दिया जाना-

उत्तर प्रदेश शासन के वित्त (सामान्य) अनुभाग-3 के शासनादेश संख्या -सा-38/2016-सा-3-921 /दस-2016 /308/2016, दिनांक 23-12-2016 के (दिनांक 01-01-2016 को अथवा उसके उपरांत सेवानिवृत्त / दिवंगत प्रकरणों मे लागू) तथा शासनादेश संख्या- सा-39/2016-सा-3-923 /दस-2016 /308/2016, दिनांक 23-12-2016 दिनांक 01-01-2016 (दिनांक 01-01-2016 के पूर्व पेंशनर/पारिवारिक पेंशन प्रकरणों मे लागू) के अनुसार दिनांक 01-01-2016 से राज्य सरकार के समस्त पेंशनरों / परिवारिक पेंशनरों को भुगतान की जाने वाली राशि न्यूनतम ₹ 9000/-प्रतिमाह निर्धारित की गयी है।

निरीक्षण के दौरान नमूना जाँच में पाया गया कि 38 कोषागारों के 127 पेंशन प्रकरणों में उक्त शासनादेश का अनुपालन नही किया जा रहा है। परिशिष्ट –"3.7.5"

3.7.6 सातवें वेतन आयोग के अनुसार 126 पेंशनरों के पेंशन का पुनरीक्षण नही किया जाना-

उत्तर प्रदेश शासन के वित्त (सामान्य) अनुभाग-3 शासनादेश संख्या-23/2017/ सा-3-329/ दस-2017 /308 /2016 दिनांक 18 जुलाई 2017 के अनुसार दिनांक 01-01-2016 के पूर्व के पेंशनर्स का नोशनल वेतन के आधार पर पेंशन पुनरीक्षण किया जाना है एवं समयबद्ध भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया है।

निरीक्षण के दौरान नमूना जाँच में पाया गया कि 27 कोषागारों मे 126 प्रकरण ऐसे है जिनका सातवें वेतन आयोग के अनुसार पेंशन का पुनरीक्षण नहीं किया गया है। परिशिष्ट -"3.7.6"

3.7.7 अन्य राज्य जैसे अरूणांचल प्रदेश/हिमांचल प्रदेश/पंजाब/हरियाणा/नागालैण्ड/ आदि के पेंशनरों को चिकित्सा भत्ता का भुगतान न किया जाना।

कोषागारों के अभिलेखों के नमूना जांच में पाया गया है कि 25 कोषागारों मे अन्य राज्य जैसे अरूणांचल प्रदेश/हिमांचल प्रदेश/पंजाब/हरियाणा/नागालैण्ड/ आदि के द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार 104 पेंशनरों को चिकित्सा भत्ता का भुगतान निर्धारित दर से नहीं किया जा रहा है। परिशिष्ठ "3.7.7"

3.7.8 पेंशन पत्रवालियों मे मूल पेंशन भुगतान आदेश संलग्न न होना, embossing seal (उभरी हुई मुहर) न लगाया जाना, पेंशन अभिलेख Form-51 का उचित रख रखाव न किया जाना।

कोषागार द्वारा पेंशन भोगियों को पेंशन भुगतान जारी किए जाने का मूल आधार पेंशन स्वीकर्ता अधिकारी द्वारा जारी किया जाने वाल PPO होता है। Financial handbook vol 5 part 2 के प्रस्तर 509, 510 के अनुसार पेशनरों को जारी किए गए पीपीओ के आधार पर ही भुगतान किया जाना है। कोषागार मे प्राप्त समस्त PPO पर पेंशन स्वीकर्ता अधिकारी की Embossing Seal (उभरी हुई मुहर) अवश्य लगी होनी चाहिए जिससे पीपीओ की प्रामाणिकता सुनिश्चित की जा सके।
शासन द्वारा निर्धारित फॉर्म-51रजिस्टर पेंशन प्रकरणों के सम्बंध में कोषागार स्तर पर तैयार किया गया एक आरंभिक एवं महत्वपूर्ण अभिलेख होता है । Fianacial handbook Vol- 2 part 2 के प्रस्तर 511 से 513 तक मे कोषागार इंडेक्स रजिस्टर के रख रखाव के निर्देश दिये गए हैं।
प्रस्तर 512 के अनुसार "कोषाधिकारी को यह देखना चाहिए कि प्रत्येक नया आदेश इस रजिस्टर में सही ढंग से दर्ज किया गया है, और वह "पेंशनभोगी का नाम" कॉलम में अपने हस्ताक्षर, तथा प्रविष्टि के नीचे पृष्ठ पर लाल स्याही से रेखा खींचेगा। उक्त रजिस्टर में पेंशन प्रकरणों को उनके प्राप्ति की तिथि के अनुसार दर्ज किया जाना चाहिए एवं तदनुसार कोषागार द्वारा निर्धारित प्रक्रियाओं का अनुपालन करते हुए नए पेंशन प्रकरणों को क्रमशः इंडेक्स संख्या आवंटित किया जाना चाहिए । कोषागार इंडेक्स रजिस्टर का प्रबंधन व निगरानी बिना किसी लापरवाही के किया जाना चाहिए ।
कोषागार के अभिलेखों के नमूना जांच मे पाया गया कि अनेक कोषागारों मे बेसिक शिक्षा विभाग के पेंशन पत्रावलियों मे मूल पीपीओ उपलब्ध नहीं है, अनेक PPO पर Embosying Seal नहीं लगाई गयी है, एवं अनेक कोषागारों मे पेंशन इंडेक्स संख्या आवंटन पंजिका (Form-51) का रख रखाव उचित रूप मे नहीं किया जा रहा है। जिससे पेंशन भुगतान मे अनियमितता की संभावना बनी रहती है। कुछ कोषागारों के उदाहरण निमन्वत हैं।
(1)KANNAUJ, (2)LALITPUR, (3)MAINPURI, (4)SANT KABIR NAGAR, (5)GORAKHPUR, (6)BAREILLY, (7)LUCKNOW COLLECTORATE, (8)KASGANJ

3.8 अनाहरित पेंशन/बन्द पेंशन भुगतान आदेशों को अनाधिकृत रूप से रखा जाना-

3.8.1 तीन वर्षो से पेंशन का आहरण नही किया जाना-

उ0प्र0 शासन के वित्त विभाग के वित्त (लेखा) अनुभाग-1 शासनादेश संख्या - 16 /2019 / ए-1- 1137 /दस-2019-10(23)/95 दिनांक : 09 दिसंबर, 2019 के अनुसार मुख्य कोषाधिकारी प्रत्येक वर्ष 01 अप्रैल एवं 1 सितंबर को PPO निर्गत प्राधिकारी को 1 वर्ष तथा 3 वर्ष से अनाहरित पेंशन प्रकरणो की सूची प्रेषित करेगा एवं पेंशनर डेटाबेस से उस पेंशनर का रिकार्ड "डिलीट मार्क" कर दिया जाएगा, तथा ऐसे डिलीट मार्क किए गए रिकार्ड्स की सूची का रजिस्टर रखा जाएगा। अनाहरित PPO के पुनर्वैधीकरण के उपरांत कोषागार मे प्राप्त होने पर पेंशनर डेटाबेस मे उसकी पुनः इंट्री कर अवशेष भुगतान एवं पेंशन पुनः आहरण शुरू किया जाये।
निरीक्षण में पाया गया कि 31 कोषागार में 3978 पेंशनर/पारिवारिक पेंशनरों के विगत 3 वर्ष या उससे अधिक समय से अनाहरित पेंशन प्रकरणों मे उक्त विषय में शासनादेश के अनुसार उचित कार्यवाही नहीं की गयी। परिशिष्ट –"3.8.1"

3.8.2 लंबी अवधि से पेंशन का आहरण न करने वाले/ जीवन प्रमाण पत्र न जमा करने वाले पेंशनरों की जांच न कराया जाना।

वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड-5 भाग-2 के प्रस्तर 518, 521 एवं 526 के अनुसार क्रमशः जीवित रहने सम्बन्धी प्रमाण पत्र प्रपत्र 8 (I) पर रोजगार रहित रहने का प्रमाण पत्र प्रपत्र 8 (II) में एवं महिला पेंशनरों के प्रकरण में प्रपत्र 8 (III) पर विवाह करने सम्बन्धी प्रमाण पत्र प्रत्येक वर्ष नवम्बर में प्राप्त कर लिये जाने के उपरान्त ही पेंशन का भुगतान नियमानुसार किया जाना चाहिये तथा सम्बन्धित पेंशन पत्रावली में इन्हें संलग्न किया जाना चाहिये। यह भी निर्देशित किया गया है कि गत विभिन्न वर्षो में ऐसे पेंशनर जिन्होंने अपना जीवित प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं कराया है तथा जिनकी पेंशन कोषागारो द्वारा बन्द की जा चुकी है ऐसे सभी मामलो में जिलाधिकारी का अनुमोदन लेते हुए सम्बंधित तहसीलदार के माध्यम से पेंशनर के मृत् होने या लापता या गायब होने की पूर्ण जाँच आख्या मंगाकर पेंशनर के बैक खाते में मृत्यु की तिथि के पश्चात् प्रेषित पेंशन की अधिक धनराशि की वसूली का अनिवार्य रूप से सघन अभियान चलाकर राजकीय प्राप्ति की लेखाशीर्ष में जमा कराया जाये। निरीक्षण में पाया गया कि 62 कोषागार अभिलेखों की जाँच में पाया गया कि एक वर्ष या अधिक समय से पेंशन का आहरण न करने वाले पेंशनरों के सापेक्ष तहसील स्तर से कोई भी जांच नहीं कराई गयी है। इसके अतिरिक्त अनेक अनाहरित प्रकरणों को नियमानुसार delete मार्क कर दिया गया है । परंतु लंबी अवधि तक पेंशन आहरण न किए जाने वाले अनेक प्रकरणों मे कोषागार द्वारा जांच हेतु कोई भी अग्रिम कार्यवाही नहीं की गयी है जिस कारण के मृत पेंशनरों के सापेक्ष किए गए अधिक भुगतान एवं वसूली की पूर्ण स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है। विवरण परिशिष्ट –"3.8.2"

3.9 स्टाम्प लेखे का रख-रखाव-

3.9.1 स्टाम्पों का मानक से अधिक भण्डारण-

स्टाम्प मैनुअल के प्रस्तर-65 एवं 66 के अनुसार जब तक राज्य सरकार अन्यथा निर्देशित न करे, प्रत्येक स्थानीय डिपो, डाकीय या अन्य स्टाम्पों की, जो केन्द्रीय सरकार की सम्पत्ति है, इतनी मात्रा सुरक्षित रखेगा जितनी तीन माह की सम्भावित खपत से कम न हो और अ-डाकीय स्टाम्पों की त्रैमासिक, चार माही या वार्षिक (जैसी भी स्थिति हो) खपत के अतिरिक्त चार महीने की सम्भावित खपत के बराबर सुरक्षित मात्रा रखेगा।
निरीक्षण के दौरान नमूना जाँच में यह प्रकाश में आया कि 44 कोषागारों में स्टाम्प मैनुअल के अनुसार भण्डारण नहीं किया गया है। परिशिष्ट –"3.9.1"

3.9.2 निष्प्रयोज्य स्टाम्पों के विनिष्टीकरण की कार्यवाही नही किया जाना-

स्टाम्प मैनुअल के प्रस्तर-116 एवं 117 मे दिये गए प्रावधानों के अनुसार अप्रचलित एवं निष्प्रयोज्य स्टाम्पों के विनिष्टीकरण की कार्यवाही किया जाना चाहिये एवं खजानों के लिये लेखा नियमावली, 1992 के नियम-93 के अनुसार निष्प्रयोज्य एवं अप्रचलित स्टाम्पों का विधिवत् विनिष्टीकरण की कार्यवाही के उपरान्त उस धनराशि को धन व ऋण ज्ञापन में घटाया जाना चाहिये।
निरीक्षण के दौरान नमूना जाँच में पाया गया कि 13 कोषागारों में उक्त प्रावधानों का अनुपालन नही किया जा रहा है। परिशिष्ट –"3.9.2"

3.9.3 स्टाम्प इतिशेष का अर्द्धवार्षिक सत्यापन का प्रमाण पत्र धन-ऋण ज्ञाप के साथ नही संलग्न किया जाना-

उ0प्र0 स्टाम्प मैनुअल के प्रस्तर-97 में निहित प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक वर्ष सितम्बर और मार्च के अन्तिम कार्य दिवस को प्रत्येक स्थानीय डिपो का प्रभारी अधिकारी अपने डिपो के डबल लाक व सिंगल लाक में मौजूद स्टाम्पों को स्वयं गिनेगा या अपनी उपस्थिति में गिनवायेगा और अपने अधीनस्थ शाखा डिपो के प्रभारी अधिकारियों को निर्देश देगा कि वे भी तद्नुसार अपने शाखा डिपो में मौजूद स्टाम्पों को गिने। वह लेखाधिकारी को माह सितम्बर व मार्च में भेजे जाने वाले ऋण-धन ज्ञापन (प्लस माइनस मेमो) के साथ प्रस्तर-97 मे दिये गए प्रारूप में एक प्रमाणक भी अंकित कर संलग्न करेगा।
निरीक्षण के दौरान नमूना जांच मे पाया गया कि 20 कोषागारों के द्वितालक कक्ष की स्टाम्प पंजिकाओं के प्रमाणपत्र संलग्न कर महालेखाकार कार्यालय को प्रषित नही किया गया हैं। परिशिष्ट –"3.9.3"

3.10 स्ट्रॉग रूम का निरीक्षण तथा सुरक्षा प्रमाण पत्र का निर्गमन-

3.10.1 द्वितालक कक्ष का सुरक्षा प्रमाण पत्र नही प्राप्त करना-

वित्तीय हस्तपुस्तिका खंड 5 भाग -2 के परिशिष्ठ 32 के रूप मे उद्धृत राजस्व मैनुअल के 1447 के अनुसार कोषागार या उप-कोषागार के प्रभारी अधिकारी का यह कर्तव्य है कि वह कोषागार या उप-कोषागार स्ट्रांग रूम की सुरक्षा का वार्षिक प्रमाण पत्र प्राप्त करे। अधिशासी अभियन्ता अथवा उसकी अनुपस्थिति में सहायक अभियंता वार्षिक रूप से जिला कोषागार के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करेंगे तथा एक प्रमाण पत्र प्रदान करेंगे। उप-कोषागारों के मामले में पांच साल में एक बार लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता द्वारा तथा जिला अधिकारी या उप-जिलाधिकारी से वार्षिक सुरक्षा प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहिए।

निरीक्षण के दौरान नमूना जॉच में यह तथ्य प्रकाश में आया कि कुल 14 कोषागारों / उपकोषागारों द्वारा अधिशासी अभियन्ता / उप जिलाधिकारी से द्वितालक कक्ष का सुरक्षा प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं किया गया है। जबकि उक्त प्रमाण पत्र अवश्य प्राप्त किया जाना चाहिये, क्योंकि स्ट्रॉग रूम में बहुमूल्य वस्तुएं एवं करोड़ो का स्टाम्प रहता है। द्वितालक कक्ष जर्जर या जीर्ण शीर्ण होने पर उसके गिरने की सम्भावना बनी रहती है जिससे शासकीय वस्तुएं/धनराशि की हानि से इनकार नहीं किया जा सकता।

परिशिष्ट –"3.10.1"

3.10.2 मानक के अनुसार सुरक्षा बलों की तैनाती नही किया जाना-

द्वितालक कक्ष की सुरक्षा हेतु वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड-5 भाग-2 के परिशिष्ट 33 के अनुसार जनपद के पुलिस अधीक्षक से संतरी बीट एवं बीट चार्ट प्राप्त किया जाना चाहिये तथा उनके द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार सुरक्षा बलों की तैनाती कोषागार में की जानी चाहिये।

निरीक्षण के दौरान नमूना जॉच में यह प्रकाश में आया कि उत्तर प्रदेश के 64 कोषागारों एवं उपकोषागारों में स्वीकृत संख्या के अनुसार सुरक्षा बल तैनात नहीं थे। परिशिष्ट –"3.10.2"

3.10.3 खराब एवं निष्प्रयोज्य पैडलाकों का निस्तारण नही किया जाना-

वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड-5 भाग-2 के प्रस्तर 413-A (iii) के अनुसार यदि किसी पैडलाक में चाभी खो जाने पर सीज करने की आवश्यकता हो तो उन परिस्थितियों को जिलाधिकारी को रिपोर्ट किया जाना चाहिये, वह पैडलाक व चाभी के निस्तारण के आदेश देंगे उस पैडलाक की डुप्लीकेट चाभी नहीं बनवायी जायेगी। जिलाधिकारी के आदेश के बिना निष्प्रयोज्य पैडलाक कोषागार/उपकोषागार में नहीं रखा जायेगा। यदि कोई पैडलाक खराब हो जाता है एवं मरम्मत करने लायक नहीं रहता है तो उसे आयुक्त या जिलाधिकारी द्वारा निस्तारण पुराने धातू के सामान के नीलामी द्वारा निस्तारण किया जाना चाहिये।

निरीक्षण के दौरान नमूना जॉच में पाया गया कि प्रदेश के 7 कोषागारों एवं उपकोषागार द्वारा खराब एवं निष्प्रयोज्य पैडलाकों का निस्तारण नही किया गया। परिशिष्ट –"3.10.3"

3.11 कोषागारों में जमा किये गये बहुमूल्य वस्तुओं का वार्षिक सत्यापन-

वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड-5 भाग-1 के प्रस्तर-38 के अधीन मूल्यवान प्रतिभूति बन्धपत्र विलेख इत्यादि को निक्षेपण अधिकारी द्वारा उस बक्से में रखा जाना चाहिये जिसमें कि सुरक्षित पैडलाक की सुविधा हो या उस मजबूत ताले में जो अनुमोदित फर्म द्वारा बनाया गया है जिसकी चाभियॉ निक्षेपण अधिकारी के पास इस रूप में रहेंगी कि भविष्य में कोई भी कोषागार उसके सार से सम्बन्धित उत्पन्न विवाद के लिये दायित्वाधीन न हो। किन्तु फिर भी उन मामलों में जहॉ पैराग्राफ 6 के (v)(vi)(vii) में दी गयी विषय वस्तुओं के अधीन केवल एक या दो विलेख अथवा दस्तावेज निक्षेपित किये गये हैं। वहॉ पर उन्हें सन्दूक में नहीं रखा जायेगा फिर भी ये निर्देश उन प्रतिभूतिओं पर नहीं लागू होंगे जिन्हें कि सरकारी प्रतिभूति मैनुअल के अधीन निक्षेपित किया गया है।

प्रस्तर 38(i)- उन सभी मामलों में जिसमें नकद तिजोरी मूल्यवान वस्तुएं या दस्तावेज कोष में सुरक्षित अभिरक्षा के लिये प्राप्त किये गये हैं उन्हें प्रस्ताव के लिए कोष में रखे गये रजिस्टर जिसमें कि पावती तथा वापसी इत्यादि है दर्ज किया जायेगा तथा उनकी सम्यक् अभिस्वीकृति होगी। ट्रेजरी द्वारा तिजोरी की चाभी नहीं रखा जाना चाहिये।

प्रस्तर 38(ii)- विभागीय अधिकारी जिनके पास नकद बक्से की सुरक्षा के लिये अपने कार्यालय में पर्याप्त इन्तजाम नहीं है और पैराग्राफ 36 के अन्तर्गत नकद की सुरक्षा के लिए अपने बक्से को कोष के मजबूत कमरे में जमा करने के लिये अधिकृत

किये गये हैं कोष गृह के बरामदा एवं अन्य किसी उचित स्थान पर जो कि सभी के आसानी से पहुँच के अन्तर्गत है रख सकते हैं। बक्से को जिस स्थान पर जड़ा जायेगा उसमें जिलाधिकारी की सहमति आवश्यक होगी। जिलाधिकारी इस कार्य में पुलिस सुपरिन्टेडेन्ट से भी राय लेगा। इस कार्य में आये सभी खर्चे विभाग द्वारा व्यय किये जायेंगे।

प्रस्तर 38(iii)- के अनुसार द्वितालक कक्ष में रखे गए बहुमूल्य वस्तुओं का भौतिक सत्यापन जमाकर्ताओं द्वारा वर्ष में एक बार, मई माह में अवश्य किया जाना चाहिये।

निरीक्षण के दौरान नमूना जाँच में यह प्रकाश में आया कि 63 कोषागारों / उपकोषागारों में रखी बहुमूल्य वस्तुओं का जमाकर्ताओं द्वारा वार्षिक भौतिक सत्यापन नहीं किया गया। कोषागार के द्वितालक कक्ष में बहुमूल्य वस्तुयें अनेक वर्षो से जमा हैं भौतिक सत्यापन न कराये जाने से वस्तुएं खराब भी हो सकती हैं सील आदि क्षतिग्रस्त हो सकता है, सत्यापन हो जाने से वस्तुओं की सत्यता सुनिश्चित हो जाती है। परिशिष्ट –"3.11"

3.12 सामान्य भविष्य निधि से सम्बन्धित कमियॉ/त्रुटियॉ-

3.12.1 तृतीय श्रेणी लेखाषीर्शक से सम्बन्धित कार्मिकों के सा0भ0नि0 कटौतियों को चतुर्थ श्रेणी लेखाषीर्शक में दर्ज किया जाना-

सामान्य भविष्य निधि की परिधि में आने वाले राज्य सरकार के सभी कर्मचारियो/अधिकारियों (चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को छोडकर) के सामान्य भविष्य निधि खातों के सम्बन्ध में विस्तृत लेखांकन कार्यालय प्रधान महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी) उ0प्र0 में निष्पादित किया जाता है उल्लेखनीय है कि चतुर्थ श्रेणी से तृतीय श्रेणी मे पदोन्नत होने के उपरान्त नियमतः सर्वप्रथम पदोन्नत कर्मचारियों को तृतीय श्रेणी सा0भ0नि0 खाता खुलवाने हेतु प्रधान महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी) कार्यालय को आहरण एवं वितरण अधिकारी के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन करना चाहिए। तत्पश्चात चतुर्थ श्रेणी सामान्य भविष्य निधि अवशेष को नये आवंटित सा0भ0नि0 खाते में चालान के माध्यम से स्थानान्तरित किया जाना चाहिए।

निरीक्षण के दौरान कोषागारों के नमूना जांच मे पाया गया की 63 कोषागारों द्वारा उक्त प्रक्रिया का पालन नहीं किया जा रहा है। परिशिष्ट –"3.12.1"

3.13 लेखा सम्बन्धी क्षेत्र-

3.13.1 आहरण वितरण अधिकारियों द्वारा विभागीय प्राप्ति के आंकड़ों का मिलान कोषागार के आंकड़ों से नही किया जाना-

उत्तर प्रदेश के वित्त (लेखा) अनुभाग-1/सं0 ए-1-1189/दस-96-10(1)93 लखनऊ दिनांक 25-6-1996 के प्रस्तर 4 के अनुसार वित्तीय नियम संग्रह खण्ड-5 भाग-1 के प्रस्तर-27 (ए) के नीचे अंकित टिप्पणी (4) में यह व्यवस्था दी गई है कि कोषागारों में शासकीय प्राप्तियों के प्रकरण में आहरण वितरण अधिकारी द्वारा चालान पर प्राप्तियों को देखकर कैशबुक की प्रविष्टियों को प्रमाणित किया जाना चाहिए तथा यदि मासिक प्राप्तियॉ ₹ 1000/- से अधिक हो तो प्रत्येक माह उनका सत्यापित विवरण कोषागार से प्राप्त कर रोकड़ बही में दर्ज आंकड़ों से मिलान कर मासिक मिलान विवरण आहरण वितरण अधिकारी द्वारा सत्यापित कर कोषागार को वापस किया जाना चाहिये।

निरीक्षण के दौरान नमूना जाँच में यह तथ्य प्रकाश में आया कि वर्ष 2025-26 में 24 कोषागारों के अभिलेखों से आहरण वितरण अधिकारियों द्वारा राजस्व प्राप्तियों का मिलान नहीं किया गया है। मिलान न किये जाने से वास्तविक धनराशि का पता नहीं चल पाता, तथा राजस्व हानि की सम्भावना बनी रहती है। परिशिष्ट –"3.131"

3.13.2 कोषागार नियम-27 के अन्तर्गत आहरित धनराशि ₹ 2.1 करोड़ का वित्तीय वर्ष के अंत तक असमायोजित रहना-

कोषागार नियम-27 के अन्तर्गत आहरण केवल दैवीय आपदा कानून व्यवस्था, किसी जघन्य अपराध या सक्षम न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में एवं बजट आवंटन के अभाव में अधिकतम दो माहों के वेतन भत्ते के लिये आहरित किया जाता है। ऐसे आहरणों का समायोजन उत्तर प्रदेश के वित्त एवं लेखानुभाग द्वारा जारी शासनादेश सं0 टी0 1571/एस-99 दिनांक 11-5-99 के अनुसार आहरण की तिथि से तीन माह के अन्दर अथवा वित्तीय वर्ष की समाप्ति से जो भी पहले हो समायोजित कर लिया जाना चाहिये।

निरीक्षण के दौरान नमूना जाँच में पाया गया कि 06 कोषागारों द्वारा टी0आर0-27 के अन्तर्गत ₹2,10,38,775 का समायोजन वर्षान्त तक प्राप्त नहीं किया जा सका था अथवा समायोजन की सूचना कोषागार में नहीं है। परिशिष्ट –"3.13.2"

3.13.3 राजस्व/पूंजीगत प्राप्ति चालानों पर लेखाशीर्ष का पूर्ण विवरण अंकित नही किया जाना-

निदेशक कोषागार उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक सं0 1506/16(03)107/को0नि0/टी0सी0/प्रा0वि0 दिनांक 24-7-2008 के अनुसार राजस्व प्राप्तियों के जमा चालानों पर 13 अंकीय लेखाशीर्ष वर्गीकरण अंकित किया जाना आवश्यक है। शासनादेश सं0 बी-1-2598/ दस-2007-101/2007 दिनांक 10-7-2007 एवं शासनादेश सं0 बी-1/4359/दस-2007/ दिनांक 12-11-2007 के अनुसार पूंजीगत चालानों पर 15 अंकीय लेखाशीर्ष कोड के साथ-साथ अनुदान संख्या आयोजनागत/आयोजनेत्तर भारित/दत्तमत का पूर्ण विवरण अंकित किया जाना आवश्यक है।
निरीक्षण के दौरान नमूना जॉच में पाया गया कि प्रदेश के 62 कोषागारों / उपकोषागारों में राजस्व प्राप्तियों के चालान पर 13 अंकीय लेखा कोड तथा 64 कोषागारों / उपकोषागारों में पूंजीगत चालानों पर 15 अंकीय लेखाशीर्ष कोड विवरण का पूर्ण अंकन नहीं किया गया है। परिशिष्ट –"3.13.3"

3.13.4 वैयक्तिक जमा लेखाओं के प्रशासकों से अवशेष के स्वीकार्य प्रमाण पत्र नही प्राप्त करना-

शासनादेश सं0 बी-1.1197/दस-1999 दिनांक 30-03-1999 के अनुसार प्रदेश के समस्त नामित वैयक्तिक लेखा खाता धारकों (एडमिनिस्ट्रेटर पी0एल0ए0) द्वारा वित्तीय वर्ष के अन्त में वैयक्तिक लेखा खाता सं0 एंव अवशेषों का मिलान कोषागार से कराकर महालेखाकार कार्यालय को प्रेषित किये जाने की अनिवार्यता है।
निरीक्षण के दौरान नमूना जॉच में यह प्रकाश में आया कि 2 कोषागारों (गौतमबुद्द नगर, प्रतापगढ़) द्वारा वैयक्तिक जमा लेखाओं का उनके प्रशासकों से अवशेष के स्वीकार्य प्रमाण पत्र प्राप्त कर महालेखाकार कार्यालय को प्रेषित नहीं किये गये।

3.13.5 तीन वर्ष से अंसचालित पी0एल0ए0 खाते को बन्द नही किया जाना-

उ0प्र0 शासन के वित्त लेखा अनुभाग-1 की अधिसूचना संख्या ए-1-636/दस-98-10 /(12)/95 दिनांक 04-05-1998 के द्वारा वैयक्तित खाता नियमावली 1998 मे असंचालित वैयक्तिक लेखा खातों को बंद किए जाने हेतु विस्तृत निर्देश दिये गए हैं।
उक्त के क्रम में उत्तर प्रदेश शासन के वित्त (लेखा) अनुभाग-1 के आदेश स. 01/2018/ए-1-53 ए0जी0/दस-2017-10 (50)/ 2011 दिनांक 04 जनवरी, 2018 के अनुसार उत्तर प्रदेश वैयक्तिक लेखा खाता नियमावली 1998 के भाग-4 के प्रस्तर-11 (2) के क्रम में ऐसे खातों को बन्द करने हेतु कोषाधिकारी द्वारा जिस धनराशि का लेखाशीर्षक ज्ञात नहीं है उस धनराशि को जमा करने हेतु सक्षम प्राधिकारी से इस आशय का लिखित अनुरोध किया जायेगा कि इस धनराशि को लेखाशीर्ष "2075-00-911-03-00 में जमा कर दें एवं पत्र में यह भी उल्लेख रहेगा कि लिखित अनुरोध की तिथि से तीन माह तक यदि सक्षम प्राधिकारी द्वारा धनराशि जमा नहीं करायी जाती है एवं खाते को बन्द करने की कार्यवाही नहीं की जाती है, तो कोषागार द्वारा स्वयं इस धनराशि को लेखाशीर्ष "2075-00-911-03-00" में जमा कर दिया जायेगा एवं वैयक्तिक लेखा खाते को बन्द कर दिया जायेगा। जिस धनराशि के आहरण के लेखाशीर्षक ज्ञात है उस धनराशि को उसी लेखाशीर्षक के अन्तर्गत लघु शीर्षक 911 डिडक्ट रिफण्ड खोल कर उसके अन्तर्गत जमा किया जायेगा। यदि बजट साहित्य में ऐसा लेखाशीर्ष उपलब्ध नहीं है, तो निदेशक, कोषागार द्वारा बजट अधिकारी से अनुरोध करके उक्त लेखाशीर्ष खोले जाने की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी।
आदेश स. 07/2018/ए-1-08 ए0जी0/दस-2017-10 (50)/ 2011 दिनांक 14 मार्च, 2018 के अनुसार राज्य के संचित निधि से धनराशि आहरित कर पी0एल0ए0 में रखे जाने की व्यवस्था को तात्कालिक प्रभाव से समाप्त कर दिया जाय। दिनांक 01-04-2018 के पश्चात् विभागों द्वारा पी0एल0ए0 में अवशेष धनराशियों का आहरण नहीं किया जा सकेगा।
निरीक्षण के दौरान नमूना जॉच में पाया गया कि 20 कोषागारों में उक्त शासनादेश के अनुसार असंचालित पीएलए खातों को बंद करने की कार्यवाही नहीं की गयी है। परिशिष्ट –"3.13.5"

3.13.6 विभिन्न चुनाव से संबंधित धनराशि को एक ही लेखा शीर्ष में जमा किया जाना-

अलग-अलग चुनाव से सम्बंधित धनराशियों को अलग-अलग उप लेखाशीर्ष में निम्नानुसार वर्गीकृत किया जाना चाहिये।

8443 00 121 01	चुनाव जमा शुल्क राज्य विधान
8443 00 121 02	चुनाव जमा शुल्क लोक सभा
8443 00 121 03	चुनाव याचिका जमा
8443 00 121 04	चुनाव अपील जमा
8443 00 121 05	स्थानीय निकाय चुनाव जमा
8443 00 121 06	चुनाव जमा पंचायत

निरीक्षण के दौरान कोषागारों के चुनाव मद में जमा धनराशियों के अभिलेखों, धन-ऋण ज्ञापन इत्यादि की समीक्षा में पाया गया कि विभिन्न चुनाव मद से सम्बन्धित धनराशियां 02 (इटावा, शाहजहाँपुर) कोषागारों में लेखाशीर्ष 8443 00 121 अथवा 8443 00 121 01 के अन्तर्गत वर्गीकृत की जा रही है, जो नियमानुसार सही नहीं है।

3.13.7 निर्धारित लेखा शीर्ष वर्गीकरण का प्रयोग वापसी (Refund) के बाउचरों के पारण के दौरान नही किया जाना-

उत्तर प्रदेश के बजट साहित्य खंड 4 में विभिन्न मुख्य लेखाशीर्ष में वापसी (Refund) हेतु सुसंगत लेखा शीर्षक वर्गीकरण निर्धारित हैं। Refund के बाउचरों पर उक्त khand-4 के अनुसार सुसंगत सही लेखाशीर्ष के वर्गीकरण का ही उल्लेख किया जाना चाहिए। जिससे निर्धारित लेखाशीर्षों से संबंधित धनराशियों की वापसी दर्ज की जा सके।
कोषागार के अभिलेखों के नमूना जांच में पाया गया कि 52 कोषागारों मे बजट साहित्य खंड 4 में वापसी हेतु निर्धारित लेखाशीर्ष वर्गीकरण का प्रयोग वापसी (Refund) के बाउचरों के पारण के दौरान नहीं किया जा रहा है। परिशिष्ट- "3.13.7"

3.13.8 चुनाव जमानत जमा की धनराशि 23.29 करोड़ को जब्त करके प्राप्ति लेखाशीर्ष में जमा नही किया जाना-

राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश पंचायत एवं स्थानीय निकाय के पत्रांक संख्या -261/रा.नि.अ.अनु 6/ 2007/16/2007 लखनऊ दिनांक 23-फरवरी-2007 के बिंदु 2 के अनुसार निर्वाचन लड़ने वाले किसी भी उम्मीदवार की जमानत धनराशि तब तक वापस नहीं की जाएगी जब तक उसके द्वारा निर्वाचन में किए गए व्यय का विवरण निर्धारित प्रपत्र पर निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तिथि से 3 माह के अंदर दाखिल न कर दिया गया हो और जमानत वापसी का प्रार्थना पत्र भी 3 माह की अवधि में ही न दे दिया गया हो जिन उम्मीदवारों द्वारा उक्त 3 माह की अवधि के अंदर निर्वाचन व्यय विवरण जमा कर जमानत धनराशि वापसी का प्रार्थना पत्र नहीं दिया जाएगा उसकी जमानत धनराशि जिला अधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निकाय अथवा उसके द्वारा प्राधिकृत प्रभारी अधिकारी द्वारा एक समेकित आदेश करते हुए जब्त करके शासकीय प्राप्ति के मद में 0070-अन्य प्रशासनिक सेवाएं-02-चुनाव 104-शुल्क अर्थदंड और समपहरण में जमा की जायेगी।
निरीक्षण के नमूना जांच के दौरान कोषागारों के इनपुट 9 की जांच में पाया गया कि 55 कोषागारों मे रुपये 232934447.6 चुनाव की धनराशि इलेक्शन डिपॉजिट के हेड में अभी भी पड़ी हुई है जबकि इसे 0070 प्राप्ति शीर्ष में जमा कर दिया जाना चाहिए था। परिशिष्ट –"3.13.8"

3.13.9 निर्धारित सीमा से अधिक धनराशि को लघु कार्य के मानक मद (OH-25) से भुगतान किया जाना ।

वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड-VI, पैरा-314 में यथा उपबंधित, ₹1.00 लाख से अधिक किन्तु ₹2.00 लाख से अनधिक लागत के कार्य लघु निर्माण कार्य (माइनर वर्क्स) की श्रेणी में आते हैं। इस प्रकार स्पष्ट है कि उक्त पैरा-314 में लघु कार्य को धनराशि 1 लाख से 2 लाख तक के कार्यों के लिए विभेदीकृत किया गया है, तथा इससे अधिक धनराशि के कार्यों को वृहद निर्माण कार्य की श्रेणी में रखा गया है। मानक मदों की सूची के अनुसार लघु निर्माण कार्य हेतु मानक मद-25 निर्धारित है। परन्तु कोषागारों के नमूना जांच में यह पाया गया कि प्रावधानों में लघु कार्य हेतु निर्धारित धनराशि की सीमा के बाहर, अर्थात ₹2.00 लाख से अधिक धनराशि के वाउचरों का पारण भी मानक मद-25 (लघु निर्माण कार्य) के अंतर्गत किया जा रहा है, जो उक्त प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है। विवरण परिशिष्ट –"3.13.9"

3.13.10 मासिक खातों को बंद करने के बाद कोषागारों द्वारा लेखा संशोधन किया जाना एवं सूचना महालेखाकार कार्यालय को प्रेषित न किया जाना:

वर्तमान प्रचलित प्रक्रिया के अनुसार, मासिक लेखा खाते एक बार राज्य द्वारा बंद कर दिए जाने और महालेखाकार कार्यालय को प्रस्तुत कर दिए जाने के बाद पुनः नहीं खोले जाने चाहिए। मासिक खाता बंद करने के पश्चात कोषागारों द्वारा खातों को अवरुद्ध न किया जाना, कोषागारों द्वारा प्रस्तुत मासिक खातों को गलत रूप में दर्शा सकता है। मासिक लेखा खातों के बंद होने के बाद उनमें फेरबदल किए जाने से महालेखाकार कार्यालय और राज्य सरकार (राज्य का नाम) के बीच आंकड़ों के मिलान में असंगति उत्पन्न हो सकती है। कोषागार निरीक्षण के दौरान नमूना जांच मे संज्ञान मे आया कि अनेक कोषागारों द्वारा महालेखाकार कार्यालय को मासिक लेखा प्रेषित किए जाने के बाद भी लेखा संशोधन किया गया है एवं उसकी कोई भी सूचना महालेखाकार कार्यालय को प्रेषित नहीं की गयी है। विवरण परिशिष्ट –"3.13.10"

--*

भाग-4

4 सूचना प्रौद्योगिक सम्बन्धी अनियमितताएंः-

4.1 सूचना प्रौद्योगिकी निरीक्षण के उद्देश्य

कार्यालय कोषागार निदेशक, उ॰प्र॰ का निरीक्षण कंप्यूटरीकरण कार्यक्रम की कार्य क्षमता, मितव्ययता एवं प्रभावशीलता के आकलन के उद्देश्य से किया जाता है। इस विषयवस्तु को आगे निम्नलिखित उद्देश्यों में विभाजित किया गया है जिससे कि यह सुनिश्चित किया जा सके कि क्याः-

- प्रणाली का संचालन एवं क्रियान्वयन प्रभावशील था।
- सॉफ्टवेयर की नियंत्रण सुविधाएं पर्याप्त थीं।
- व्यापार निरंतरता योजना (BCP)/आपदा प्रबंधन योजना प्रभावशाली थी।
- वस्तु स्तर तक बजटीय नियंत्रण प्रभावशाली था, तथा
- सूचना प्रौद्योगिकी वातावरण में व्यापार नियमों का खाका तैयार करने का अनुपालन किया गया।
- निधि के आवंटन के अंतर्गत ही बिलों का पास किया जाना सुनिश्चित करना
- कोषागारों में निधि की अनुचित/आवश्यकता से अधिक निकासी से बचना।
- आवश्यकता पड़ने पर आवंटन के खिलाफ व्यय की प्रगति की निगरानी करना।
- कोषागार में प्राप्त बिलों एवं दावों का त्वरित निपटान करना।

4.2 सामान्य नियंत्रण-

सामान्य नियंत्रण ऐसे वातावरण की रचना करता है जिसमें सूचना प्रणाली एवं संबन्धित नियंत्रण कार्य करते हैं। यदि सामान्य नियंत्रण कमजोर है, अन्य प्रणाली नियंत्रणों की विश्वसनीयता भी कम हो जाती है। सामान्य नियंत्रणों को प्रणाली की प्रभावशीलता अथवा सुरक्षा, कार्यक्षमता पर प्रभाव के आंकलन हेतु जांचा गया था। सामान्य नियंत्रण मे निम्न बिन्दु शामिल है।

- संगठन एवं प्रबन्धन नियंत्रण (Organizational and management controls-IT Policy and standards)
- आई0टी0 संचालन नियंत्रण (IT operational controls for monitoring and controlling the IT services and underlying infrastructure)
- भौतिक नियत्रंण (Physical controls)
- लाजिकल एक्सेस कन्ट्रोल (Logical access control)
- प्रोग्राम एवं खरीदने की क्रिया से सम्बन्धित चेंज कन्ट्रोल (Acquisition and programme change controls)
- व्यापार निरंतरता और आपदा बचाव नियंत्रण (Business continuity and disaster recovery control)

4.3 सूचना प्रोद्योगिकी नियंत्रण एवं सूचना प्रोद्योगिकी सुरक्षा से संबंधित कोषागारों के निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमिततायें कमियां

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान निरीक्षण किये गये अनेक कोषागारों (विवरण परिशिष्ट- "4.3") के अन्तर्गत सूचना प्रौद्योगिकी नियंत्रण एवं सूचना प्रोद्योगिकी सुरक्षा संबंधी जांच में पाई गई मुख्य अनियमितताओं का विवरण निम्नलिखित हैः-

- सूचना सुरक्षा नियमावली उपलब्ध नहीं होना पाई गई। कोषागारों के लिए इन्फार्मेशन सिक्योरिटी पालिसी मैन्युअल बनाए जाने की आवश्यकता है।
- विभिन्न प्रकार के साइबर क्राइम अटैक एवं सुरक्षित साइबर प्रेक्टिस के लिये कोषागार के अधिकारियों / कर्मचारियों को प्रशिक्षण नही दिया गया है।
- उपयोगकर्त्ता/ प्रचालकों के लिए बायोमेट्रिक लॉगिन का प्रावधान न होना। बॉयोमेट्रिक लॉगिन से एप्लीकेशन सुरक्षा गुणवत्ता में सुधार होता है।
- कार्यस्थल पर उपलब्ध सभी हार्डवेयर एवं सहायक उपकरणों, नेटवर्क डिवाइस को विशेष पहचान कोड / नम्बर अंकित नहीं किया गया जिसके कारण इनवेण्ट्री पर समुचित नियंत्रण का अभाव पाया गया ।

- कार्यस्थल पर उपलब्ध कम्प्यूटर / सर्वर आदि में वायरसरोधी (Anti Virus) नवीनतम वर्जन स्थापित नहीं करना।
- कोषागार के जिन कम्प्यूटर पर इंटरनेट का प्रयोग किया जाता है उनमें सोशल नेटवर्किंग साईट एक्सेस को तुरंत बंद किया जाना चाहिए।
- कोषागार द्वारा प्रयोग किये जाने वाले साफ्टवेयर का नाम और उनकी लाइसेंस सं का रखरखाव किया जाना अपेक्षित है।
- एप्लीकेशन द्वारा अंतिम लॉगिन (सफल / असफल एवं समय) कोषागार स्तर पर नहीं दर्शाया जाना।
- कोषागार स्तर पर ऑडिट ट्रेल एवं लॉग उपलब्ध नहीं होना।
- कोषागार कार्मिकों द्वारा उपयोग किये जाने वाले डेस्कटॉप, लैपटॉप में यूएसबी पोर्ट को निष्क्रिय करने की प्रणाली नहीं अपनाई गई एवं बाहरी पैनड्राईव, डिस्क के उपयोग को रोकने का अभाव पाया गया।
- ख़राब कंप्यूटर हार्डवेयर (कम्यूटर,थिन क्लाइंट,लाइन मैट्रिक्स प्रिंटर,आन लाइन यूपीएस) को अविलम्ब ठीक कराया जाना चाहिए।

_*_

अनुशंसा

उपर्युक्त निष्कर्षों को देखते हुए निम्नलिखित अनुशंसाएँ प्रस्तुत हैं। इनमें से अधिकांश पर कार्यवाही निदेशक, कोषागार, उत्तर प्रदेश तथा वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के स्तर पर अपेक्षित है।

पेंशन भुगतान

1. चित्रकूट एवं मथुरा कोषागार के गबन के प्रकरणों में उजागर हुई कमज़ोरियाँ अन्य कोषागारों में भी हो सकती हैं, इसलिए सी0टी0एस0 के पेंशन डाटा की प्रदेश के सभी कोषागारों के लिए केंद्रीय स्तर पर विश्लेषणात्मक जाँच कराई जाए। इसमें एक ही बैंक खाते में एक से अधिक पेंशनरों का भुगतान, नए पी0पी0ओ0 के बिना मूल पेंशन में वृद्धि, मृत्यु के बाद जारी भुगतान, बड़े एरियर भुगतान तथा जीवन प्रमाण पत्र के बिना चल रहे भुगतान विशेष रूप से उल्लिखित क्षेत्र हैं।
